उज्जैन
शनिवार
03
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-330
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 करीब 15 करोड़ खर्च कर ढांचा खड़ा किया लेकिन आपूर्ति शुरू नहीं

7 भारत को 44 साल बाद एशियाड विमेंस हॉकी का गोल्ड



लोग सनातन कल्चर जानना चाहते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने हनुमान अंश और सनातन संस्कृति पर बन रही फिल्मों की सफलता पर अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति जितनी स्पिरिचुअल है, उतनी ही साइंटिफिक भी है। आज दर्शक अपनी संस्कृति के बारे में और ज्यादा जानना चाहते हैं। डिमांड के कारण ऐसी कहानियां बनाई जा रही हैं और लोग इन्हें पसंद कर रहे हैं। इस बीच सनातन थीम पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' ने 56 दिनों में दुनियाभर में 414.06 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है। तमन्ना भाटिया ने कहा कि अर्बन इंडिया के लिए अपनी जड़ों और कल्चर को समझना बेहद जरूरी है। अक्सर लोग हर बात का पहले सबूत मांगते हैं और फिर विश्वास करते हैं, जबकि अध्यात्म का नियम है कि आप विश्वास करें तो अनुभव खुद मिल जाएगा। अपनी फिल्म 'वन' में निभाए किरदार का हवाला देते हुए तमन्ना ने बताया कि साइंस और स्पिरिचुअलिटी अलग नहीं हैं, दोनों एक ही बात को कहने के दो अलग तरीके हैं। तमन्ना ने बताया कि कुछ समय पहले एक पब्लिक वॉशरूम में उनकी मुलाकात 'हनुमान अंश' की महिला प्रोड्यूसर से हुई थी।

देश

- **बिहार** के 6 जिलों के 255 गांवों में बाढ़, यूपी में 15 नदियां खतरे के निशान से ऊपर, राजस्थान में तापमान 40 डिग्री के पार
- **दुनिया** के सबसे ऊंचे ब्रिज पर 100 किमी प्रतिघंटे से दौड़ी ट्रेन, रेलवे ने जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत का वीडियो पोस्ट किया
- **गांधी जयंती** पर मोदी-राहुल बच्चों से मिले, पीएम ने कंधे पर हाथ रखकर बातचीत की, राहुल ने बच्ची को अपना फोन दिखाया
- **शुभेंदु बोले-** बंगाल से टीएमसी का नाम-ओ-निशान मिट गया, नंदीग्राम में बीजेपी प्रत्याशी के लिए प्रचार करने पहुंचे, इसी सीट पर ममता को हराया था
- **रिलायंस** आंध्र प्रदेश में 1 लाख करोड़ का निवेश करेगी, अनंत अंबानी बोले- कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट से 3 लाख नौकरियां मिलेगी

विदेश

- **होर्मुज** में जहाज पर मिसाइल हमला, 5 भारतीय सवार थे, सभी सुरक्षित, 8 महीने में इस इलाके में 11 भारतीय नाविकों की जान गई
- **इमरान** की पार्टी और पाक सरकार की बातचीत आज, इस्लामाबाद मार्च टालने पर चर्चा, पीटीआई की मांग- इमरान से मिलने दें, अस्पताल में इलाज कराएं
- **मस्क** की पार्टनर शिवॉन जिलिस ने ब्रेकअप कन्फर्म किया, बोलीं- एक हफ्ते में प्यार से अलगाव तक पहुंची बात; दोनों के 4 बच्चे हैं

व्यापार

- **एआई** मॉडल्स कंट्रोल से बाहर, 100 संस्थानों में सेंधमारी, गलती पकड़ने के लिए अकसे ही 50 पेटाबाइट डेटा जांचना होगा
- **सोना** इस हफ्ते 4000 सस्ता, 1.48 लाख पर आया, चांदी के दाम 11500 गिरकर 2.21 लाख पर आए

कार्टून..



255 करोड़ के डेयरी प्लांट का भूमिपूजन करेंगे, केंद्र-राज्य के पुलिस अफसरों संग 2 घंटे बैठक

मप्र की गोशालाओं को 101 करोड़ रुपये देंगे अमित शाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज भोपाल में हैं। वे भेल दशहरा मैदान में नए आपराधिक कानूनों पर एमपी पुलिस की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

इसके बाद 11 जिलों के करीब 35 हजार गोपालकों के सम्मेलन में गोशालाओं को 101 करोड़ देंगे। 255 करोड़ के डेयरी प्लांट का भूमिपूजन करेंगे। इससे पहले केंद्र-राज्य के पुलिस अफसरों के साथ दो घंटे बैठक करेंगे। भौंरी में कक्करएफ-अत्रि परिसर का शिलान्यास और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ उज्जैन में 255 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक डेयरी प्लांट स्थापित करेगा। अमित शाह इसका वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। प्लांट की शुरूआत 3 लाख लीटर प्रतिदिन दूध प्रसंस्करण क्षमता से होगी, जिसे बढ़ाकर 5 लाख लीटर किया जा सकेगा। प्रोजेक्ट में राज्य सरकार 170 करोड़ देगी, जबकि 85 करोड़ दुग्ध संघ ऋण से जुटाएगा। इसे करीब दो साल में पूरा करने का लक्ष्य है।

दूध से घी-दही तक, एक ही प्लांट में- प्रस्तावित डेयरी प्लांट में दूध से कई मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार होंगे। यहां रोज 1.50 लाख लीटर पैक्ड मिल्क, 25 हजार लीटर दही और 10 हजार लीटर लस्सी-छाछ का उत्पादन किया जा सकेगा। इसके अलावा 10 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का घी प्लांट भी होगा। प्लांट से दूध के संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और मार्केटिंग की पूरी श्रृंखला मजबूत करने की योजना है। क्षमता बढ़ाने के लिए भी प्लांट में विस्तार की व्यवस्था रखी जाएगी।

राज्य की पंजीकृत गोशालाओं में संरक्षित गोवंश के रखरखाव के लिए जुलाई-अगस्त 2026 की 101 करोड़ से अधिक अनुदान राशि डीबीटी के जरिए खातों में भेजी जाएगी। सरकार गोशालाओं में दर्ज हर गोवंश के लिए 40 प्रतिदिन की दर से सहायता देती है। यह राशि सीधे गोशाला संचालकों के खातों में पहुंचाई जाएगी। सम्मेलन में इस सहायता से जुड़ी प्रक्रिया और राशि का वितरण किया जाएगा।

गोपालक सम्मेलन में योजनाओं की सौगात

अमित शाह 3 अक्टूबर को भेल दशहरा मैदान में राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली गोपालक दीदियों का सम्मान करेंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के स्वीकृति पत्र भी बांटे जाएंगे। उज्जैन में 16.80 करोड़ से बने फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट और भोपाल में 12.40 करोड़ से तैयार आधुनिक प्रयोगशाला का लोकार्पण होगा। शिवपुरी के मिनी डेयरी संयंत्र का उद्घाटन भी किया जाएगा। भोपाल-इंदौर दुग्ध संघ के उत्पादकों को करीब 12 करोड़ बोनस मिलेगा।

2 लाख से ज्यादा महिलाएं बनीं लखपति गोपालक दीदी

लखपति गोपालक दीदी योजना से प्रदेश की 2 लाख से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं। योजना में गाय-भैंसों में उच्च आनुवंशिक क्षमता वाले सीमन से कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा दिया जा रहा है। लक्ष्य बेहतर दुग्ध उत्पादन क्षमता वाले पशु तैयार करना है। सरकारी आकलन के मुताबिक एफा नस्ल की बछिया अपनी मां से करीब 2.5 से 3 गुना अधिक दूध दे सकती है। एक बछिया से एक लैक्टेशन में 50-60 हजार और पूरे जीवनकाल में 2.5-3 लाख अतिरिक्त आय का अनुमान है।

मुंबई में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सीजेपी का प्रदर्शन, दीपके ने कहा

10 अक्टूबर को कॉकरोच दिल्ली जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के शिवाजी पार्क में शुक्रवार को कॉकरोच जनता पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पार्टी ने वोटर लिस्ट के रक्कको लेकर भी सवाल उठाए। इस दौरान स्टेज पर मौजूद सभी लोग महात्मा गांधी की फोटो वाली टी-शर्ट पहनकर पहुंचे।

सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने गांधी और अंबेडकर का जिक्र किया। उन्होंने कहा- गांधी देश की आत्मा हैं, अंबेडकर रीढ़ की हड्डी और नेहरू दिमाग हैं। दीपके ने आगे कहा कि मुंबई में हुआ प्रदर्शन सिर्फ ट्रेलर है और उनका असली प्रदर्शन दिल्ली के जंतर-मंतर पर होगा। उन्होंने रात करीब 10:46 बजे एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ज्ञानेश कुमार ने इस्तीफा नहीं दिया तो 10 अक्टूबर को पूरे देश से कॉकरोच दिल्ली पहुंचेंगे। दीपके ने लिखा- अगर दिल्ली पुलिस हमें रोकने की कोशिश करती है, तो जहां वे हमें रोकेंगे, वही हमारा जंतर-मंतर होगा। हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण होगा। हम महात्मा गांधी के दिखाए रास्ते पर चलेंगे।

तेज धूप के बावजूद हजारों लोग पहुंचे

मुंबई पुलिस से इजाजत नहीं मिलने के बावजूद सीजेपी ने शिवाजी पार्क में प्रदर्शन किया। पुलिस ने दादर से शिवाजी पार्क जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा बढ़ाई थी। इसके बावजूद शाम करीब 4 बजे शुरू हुए प्रदर्शन में हजारों लोग जुटे।


स्थानीय लोगों ने विरोध किया

शिवाजी पार्क के आसपास रहने वाले कुछ लोगों ने प्रदर्शन का विरोध किया। उन्होंने शोर, भीड़ और रोजमर्रा के काम प्रभावित होने की शिकायत की। कुछ लोगों ने दावा किया कि भीड़ के कारण उन्हें अपनी दुकानें बंद रखनी पड़ीं। लेखक जावेद अख्तर ने तंज कसते हुए एक्स पर लिखा- उम्मीद है महाराष्ट्र की किसी राजनीतिक पार्टी की रैली होने पर भी लोग इसी तरह आपत्ति जताएंगे।

प्रदर्शन में 75 साल के बुजुर्ग की मौत

प्रदर्शन के दौरान 75 साल के गोपालकृष्ण सुब्बैया पिल्लई की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, वह शाम करीब 4:30 बजे प्रदर्शन में पहुंचे थे और करीब 5 बजे उनके सीने में तेज दर्द हुआ। उन्हें सुश्रुषा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी सहित कई सेलिब्रिटी पहुंचे: प्रदर्शन में दिग्गज एक्टर नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी, फिल्ममेकर विशाल भारद्वाज और हंसल मेहता, गायक-म्यूजिक डायरेक्टर विशाल ददलानी और महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी भी शामिल हुए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा भी शामिल हुए। उन्होंने ज्ञानू, तुझा डेमोक्रेसी वर भरोसा नाय काय?, ज्ञानेश ब्रो, जस्ट रिजाइन और गद्दार ज्ञानू मस्ट गो जैसे नारे और पोस्टर लहराए। एआर रहमान का रंग दे बसंती और वंदे मातरम् गाना भी बजाया गया।



सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर सरकार लगाएगी लगाम !

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के एकीकरण को करीब दो वर्ष का समय हो चुका है, लेकिन सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस को लेकर अभी तक पूरी तरह एक समान व्यवस्था लागू नहीं हो सकी है। पूर्व स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलेजों से जुड़े चिकित्सकों के लिए अलग-अलग प्रावधान होने के कारण नियमों की एकरूपता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब सरकार सभी सरकारी डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस के नियम एक समान करने के साथ ही उनके पालन की निगरानी भी सख्त करने की तैयारी में है।

वर्तमान व्यवस्था में पूर्व स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस के नियम अपेक्षाकृत कड़े हैं। उन्हें अपने आवास पर उपचार से जुड़े कुछ लाइसेंसी उपकरण रखने की अनुमति नहीं है। उदाहरण के तौर पर डेंटिस्ट को अपने घर पर मरीज देखने के दौरान डेंटल चेयर जैसी सुविधाएं रखने की अनुमति नहीं होने के कारण सीमित तरीके से उपचार करना पड़ता है। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेजों से जुड़े डॉक्टरों को डीन की अनुमति लेकर निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने की सुविधा है। उन्हें सर्जरी करने की अनुमति भी है।

आवास से लैब चलाने के आरोप- मेडिकल कॉलेजों से जुड़े पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के कुछ फैकल्टी पर अपने आवास से लैब संचालित करने के आरोप भी सामने आए हैं। इसके अलावा कुछ निजी नर्सिंग होम में शासकीय मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों के नाम प्रदर्शित किए जाने की बात भी सामने आई है। ऐसे मामलों ने सरकारी सेवा में रहते हुए निजी प्रैक्टिस के नियमों के पालन और उनकी निगरानी को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

निजी नर्सिंग होम में प्रैक्टिस पर रोक संभव- प्रस्तावित व्यवस्था में सभी सरकारी डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस के नियम एक समान किए जाने पर विचार किया जा रहा है। नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस लेने वाले डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर निगरानी बढ़ाई जा सकती है। निजी नर्सिंग होम में प्रैक्टिस पर रोक लगाने का प्रावधान भी किया जा सकता है। वहीं डॉक्टरों को मिलने वाले नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस में बढ़ोतरी के विकल्प पर भी विचार होने की बात सामने आ रही है। सीएमएचओ, सिविल सर्जन, डीन और अस्पताल अधीक्षक जैसे प्रशासनिक पदों पर कार्यरत डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध को और सख्ती से लागू किया जा सकता है। नियमों के पालन की निगरानी के लिए अलग समिति गठित करने का प्रस्ताव भी सामने आ सकता है।

घर पर मरीज देखने की सीमित अनुमति

नई व्यवस्था में डॉक्टरों को अपने आवास पर सीमित रूप से मरीज देखने की अनुमति देने पर विचार हो सकता है, लेकिन अलग से क्लीनिक संचालित करने की अनुमति नहीं होगी। इससे डॉक्टरों को मरीज देखने की सीमित सुविधा मिल सकेगी और साथ ही निजी क्लीनिक के रूप में व्यावसायिक प्रैक्टिस पर नियंत्रण रखा जा सकेगा।

हैदराबाद के मंदिर में मूर्ति तोड़ने की कोशिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

हैदराबाद के दिलसुखनगर बस डिपो के पास शुक्रवार को एक व्यक्ति ने मंदिर में पुजारी पर हमला किया। उसने देवी की मूर्ति पर भी डंडे मारे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें यह व्यक्ति संतोषी माता मंदिर के गर्भगृह में घुसकर मूर्ति पर डंडे फेंकता हुआ दिखाई दे रहा है।

उस समय मंदिर के पुजारी और कुछ भक्त पूजा-अर्चना कर रहे थे। मंदिर में मौजूद लोगों ने तुरंत आरोपी को पकड़ लिया। लोगों ने आरोपी की पिटाई की, फिर उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपी की मानसिक स्थिति की जांच भी करा रही है। आरोपी ने हमला क्यों किया, इसकी वजह अभी साफ नहीं हुई है। भारत में भारतीय न्याय संहिता, 2023 लागू है, इसके अध्याय श्कमें धर्म से जुड़े अपराधों के लिए सजा का प्रावधान है। धारा 298 के मुताबिक यदि कोई व्यक्ति किसी भी धार्मिक पूजा स्थल (जैसे मंदिर) को नष्ट, क्षतिग्रस्त या अपवित्र करता है। किसी धार्मिक पवित्र वस्तु (जैसे मूर्ति/प्रतिमा) को नुकसान पहुंचाता है। ऐसा करने के पीछे उसका उद्देश्य किसी धर्म का अपमान करना है, तो उसे दो साल की जेल, जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है।

वोट चोरी के आरोप पर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

राहुल गांधी ने गांधी जयंती पर प्रदर्शन का किया समर्थन, कहा- सवाल लाठी से नहीं रुकते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गांधी जयंती के अवसर पर चुनाव प्रक्रिया को लेकर चल रहे विरोध-प्रदर्शन का समर्थन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि हजारों युवा वोट चोरी के खिलाफ शांतिपूर्वक सड़कों पर उतरकर अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने लिखा कि प्रदर्शनकारियों की मांग स्पष्ट है कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और लोकतंत्र बचाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के जवाब में युवाओं को हिरासत में लिया जा रहा है और उन्हें सड़कों से हटाया जा रहा है। राहुल ने कहा कि इन युवाओं का सवाल केवल चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर है।

उन्होंने केंद्र की मोदी-शाह सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने सच बोलने और शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष करने का संदेश दिया था। राहुल गांधी ने लिखा कि लाठी से भीड़ को रोका जा सकता है, लेकिन सवालों को नहीं।

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और सरकार पर अपने आरोपों को दोहराते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार को पद से जाना होगा और जिस व्यवस्था ने उन्हें वहां बैठाया है, उसमें भी बदलाव होगा। हालांकि, वोट चोरी संबंधी आरोप राजनीतिक दावे हैं और इन पर निर्वाचन आयोग तथा केंद्र सरकार का पक्ष अलग हो सकता है।

कंटेनर-डंपर में टक्कर के बाद भीषण आग, 2 जिंदा जले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगरा

आगरा-अलीगढ़ हाईवे पर शनिवार सुबह कंटेनर और डंपर की टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में डंपर चालक और क्लीनर की जिंदा जलकर मौत हो गई। कंटेनर चालक और पास से गुजर रहे बाइक सवार गंभीर रूप से झुलस गए। उनका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह करीब 5:45 बजे कंटेनर और डंपर में आमने-सामने की टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि धमाके जैसी आवाज हुई और तेज धुआं उठने लगा। देखते ही देखते दोनों गाड़ियों में आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आसपास के लोग अपनी गाड़ियां रोककर दूर हटने लगे। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान हाईवे पर करीब 5 किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन से गाड़ियां हटवाकर हाईवे के किनारे करवाईं और ट्रैफिक बहाल किया। अब तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 36 किमी दूर खंदौली थाना क्षेत्र के पास हुआ।

गुवाहाटी के नाइटक्लब में महिला से बदसलूकी

कपड़े उतारकर पीटा, बाउंसरों पर आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुवाहाटी

असम के गुवाहाटी के खानापारा इलाके के एक नाइटक्लब में गुरुवार देर रात महिला से मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया। आरोप है कि बाउंसरों ने महिला को कपड़े उतारकर पीटा। मामला द लोकल्स कैफे एंड लाउंज का है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें महिला पार्किंग एरिया में फर्श पर बिना कपड़ों के दिखाई देती है। दो महिलाएं उसे लात मारती नजर आती हैं, जबकि कई पुरुष आसपास खड़े हैं। पुलिस ने क्लब मैनेजर को हिरासत में लिया है। इंडिया टूडे की रिपोर्ट के मुताबिक, बिल्डिंग के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि महिला अपने कुछ दोस्तों के साथ क्लब पहुंची थी। क्लब के अंदर उसने एक बाउंसर को बीयर की बोतल से मारा था। इसके बाद दूसरे बाउंसर उसे पकड़कर चौथी मंजिल से नीचे पार्किंग एरिया में ले आए। हालांकि, विवाद की शुरूआत क्यों और कैसे हुई, इसका पता नहीं चल सका है। गार्ड के मुताबिक, पार्किंग में लाने के बाद बाउंसरों ने महिला के साथ मारपीट की। उसके शरीर के ऊपर के कपड़े भी उतार दिए। वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो भी बनाया। वीडियो में महिला फर्श पर पड़ी दिखाई देती है। उसके ऊपरी शरीर पर कपड़े नहीं थे, जबकि नीचे काली पैंट पहनी हुई थी। दो महिलाएं उसे लात मारती नजर आती हैं। एक अन्य वीडियो में एक पुरुष महिला को गोद में उठाने की कोशिश करता दिखाई देता है। इसके बाद एक कार सामने आ जाती है, जिससे कुछ देर के लिए कैमरे का दृश्य छिप जाता है। इसके बाद महिला वहां दिखाई नहीं देती, जबकि कुछ पुरुष आपस में बातचीत करते नजर आते हैं।

मैनेजर हिरासत में, महिला की पहचान नहीं

ईस्ट गुवाहाटी के डीसीपी तबु राम पेगू के मुताबिक, पुलिस ने क्लब मैनेजर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पीड़ित महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है। डीसीपी ने कहा कि महिला की शिकायत नहीं मिलने पर पुलिस खुद मामले में केस दर्ज कर सकती है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद मीडियाकर्मी क्लब पहुंचे तो वह बंद मिला। अंदर की लाइटें भी बंद थीं। क्लब मैनेजमेंट की ओर से मामले पर कोई बयान सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महाकाल श्रृंगार



महाकाल को रजत मुकुट-रुद्राक्ष से सजाया

अपनेतक

सवाल लाठी से नहीं रुकते

सवाल लाठी से नहीं रुकते

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गांधी जयंती के अवसर पर चुनाव प्रक्रिया को लेकर चल रहे विरोध-प्रदर्शन का समर्थन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि हजारों युवा ह्यवोट चोरी के खिलाफ शांतिपूर्वक सड़कों पर उतरकर अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने लिखा कि प्रदर्शनकारियों की मांग स्पष्ट है कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और लोकतंत्र बचाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के जवाब में युवाओं को हिरासत में लिया जा रहा है और उन्हें सड़कों से हटाया जा रहा है। राहुल ने कहा कि इन युवाओं का सवाल केवल चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर है।

उन्होंने केंद्र की मोदी-शाह सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने सच बोलने और शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष करने का संदेश दिया था। राहुल गांधी ने लिखा कि लाठी से भीड़ को रोका जा सकता है, लेकिन सवालों को नहीं।

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और सरकार पर अपने आरोपों को दोहराते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार को पद से जाना होगा और जिस व्यवस्था ने उन्हें वहां बैठाया है, उसमें भी बदलाव होगा। हालांकि, ह्यवोट चोरीह्न संबंधी आरोप राजनीतिक दावे हैं और इन पर निर्वाचन आयोग तथा केंद्र सरकार का पक्ष अलग हो सकता है।

अग्रसेन जयंती महोत्सव में आज सजेगी फूलों की रांगोली, कैनवास पर उकेरा जाएगा महाकाल लोक

उज्जैन। अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत 3 अक्टूबर शनिवार को मोदी गली पटनी बाजार स्थित अग्रवाल भवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष आयोजन के माध्यम से समाजबंधुओं और उपस्थित नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। नगर निगम की टीम के सहयोग से जीरो वेस्ट इवेंट का संदेश भी प्रसारित किया जाएगा। जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को एक गुलाब का पौधा और एक किलो जैविक खाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2 बजे ओपन फूलों की रांगोली प्रतियोगिता से होगी, जिसमें प्रतिभागियों को असली फूलों से रांगोली बनानी होगी। दोपहर 3 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसे दो समूहों में बांटा गया है। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए सतीगेट उज्जैन का गौरव विषय तय किया गया है, वहीं कक्षा 6 से कॉलेज स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए महाकाल लोक विषय रखा गया है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं को सफल बनाने के लिए संयोजकों की नियुक्ति की गई है। रांगोली प्रतियोगिता के संयोजक कृष्णा अग्रवाल, मोनिल अग्रवाल, नवीन जैन गर्ग और नितिन अग्रवाल हैं। चित्रकला प्रतियोगिता के संयोजक प्रियेश अग्रवाल, आदित्य जैन मित्तल, विनय अग्रवाल और अवध सिंघल हैं। स्लोगन प्रतियोगिता की जिम्मेदारी अर्पित गोयल, अंकुर गर्ग खलाना, आदित्य बंसल और संदीप अग्रवाल खलाना संभाल रहे हैं।

एक शाम संगीत के नाम' में आज सजेगी सुरों की महफिल

उज्जैन। संगीत प्रेमियों के लिए शनिवार 3 अक्टूबर को देवास रोड स्थित प्रेस क्लब में 'एक शाम संगीत के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पंचमुखी ओम शांति म्यूजिकल ग्रुप तराना की ओर से होने वाली सुरों की यह महफिल शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक सजेगी। कार्यक्रम में श्रोताओं के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। आयोजक डॉ. अनिल पलोड़ और संयोजक अशोक ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेंद्र सिंह जादौन होंगे। आयोजन की अध्यक्षता अश्लेषा नायक करेंगी तथा विशेष अतिथि के रूप में रजनी नागर उपस्थित रहेंगी। इस आयोजन के संरक्षक महेश जी पलोड़ हैं। सुरों की इस महफिल में शहर और अंचल के 20 से अधिक कलाकार अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे।

जल्द सामने आएगा उज्जैन स्थित प्राचीन वैश्य टेकरी का 2300 साल पुराना रहस्य,

88 साल बाद फिर शुरू हुई उत्खनन की तैयारी

वैश्य टेकरी स्थित बौद्ध महास्तूप देश के बड़े स्तूपों में से एक है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानीपुरा स्थित वैश्य टेकरी के रूप में स्थित विश्व के सबसे बड़े बौद्ध स्तूप में छिपा 2300 साल पुराना रहस्य जल्द सामने आएगा। 88 साल बाद एक बार फिर वैश्य टेकरी के उत्खनन की तैयारी की जा रही है।

शुक्रवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की नई दिल्ली, भोपाल, इंदौर तथा उज्जैन के पुराविदों के दल ने टेकरी का जीपीआर (ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार) सर्वे किया। इस तकनीक से जमीन के अंदर दबी हुई दीवारें, कक्ष, नींव, अन्य संरचनाओं तथा दबी हुई वस्तुओं का आसानी से पता लगाया जा सकता है। साथ ही उत्खनन का प्लान भी तैयार किया जा सकता है। वैश्य टेकरी स्थित बौद्ध महास्तूप देश के बड़े स्तूपों में से एक है। इसका व्यास 350 फीट तथा ऊंचाई 100 फीट से अधिक है। मान्यता है सम्राट अशोक ने इसका निर्माण कराया था। पाली भाषा में निर्मित बौद्ध ग्रंथों में इस स्तूप का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है गौतम बुद्ध के महाप्रयाण के उपरांत उनसे जुड़ी सैंकड़ों वस्तुओं को देश और विदेश में रहने वाले उनके अनुयायियों में बांट दिया गया था। उन वस्तुओं में तात्कालिक मौर्य शासकों को, जो स्वयं भी बौद्ध अनुयायी थे उन्हें गौतम बुद्ध की आसंदी और चीवर मिले थे।



1938-39 में हुआ था उत्खनन, रोकना पड़ा- पुरातत्व के जानकार व इतिहासकार बताते हैं सन 1938-39 में वैश्य टैकरी का उत्खनन हुआ था। एनबी गर्दे के निर्देशन में टेकरी की खोदाई की गई थी। इसके मुहाने पर एक वतुर्लाकार गड्ढा खोदा गया था। लेकिन दो हजार साल से अधिक समय तक बंद रहने के कारण इसमें गैस जमा हो गई थी, खोदाई के दौरान कई श्रमिक इसके प्रभाव में आए और बेहोश हो गए। इसके बाद उत्खनन कार्य बंद कर दिया गया। अब 88 साल बाद फिर से इसके उत्खनन की तैयारी की जा रही है।

दल में यह विशेषज्ञ शामिल- शुक्रवार को जीपीआर तकनीक से वैश्य टेकरी का सर्वेक्षण करने आए विशेषज्ञों ने मीडिया से कोई जानकारी साझा नहीं की। दल में नई दिल्ली के शिवाकांत वाजपेयी, डा.ऋतुजा चव्हाण, डा.ज्योति सवरूप, डा.रमेश यादव, डा.आशुतोष महाशब्दे, उज्जैन के पुराविद् व त्रिवेणी संग्रहालय के संग्रह अध्यक्ष डा.योगेश पाल, डा.अंकित चौहान आदि शामिल थे।

बढ़ेगा अवंतिका का महत्व- छठी शताब्दी ईसा पूर्व अखंड भारत के सोलह जनपद थें, इनमें से उज्जैन को अवंति महाजनपद कहा जाता था। यह नगरी शैव, वैष्णव, शाक्त, बौद्ध और जैन धर्म का प्रमुख केंद्र मानी जाती थी। कर्क रेखा गुजरने से यह नगरी कालगणना का भी प्रमुख केंद्र रही है। शासन की मंशा है कि अवंति महाजनपद का वैभव और बढ़े। इसी उद्देश्य से वैश्य टेकरी के उन्नयन की तैयारी की जा रही है।

100 से अधिक पुल बनाने वाली उज्जैन की इंजीनियर शोभा खन्ना 'लाइफ टाइम इंजीनियर 2026' अवार्ड से सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

100 से अधिक पुलों का निर्माण कर देश भर में कीर्तिमान स्थापित करने वाली उज्जैन की सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री शोभा खन्ना को मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित आईसीआई-अल्ट्राटेक 'लाइफ टाइम इंजीनियर 2026' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इंदौर के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित वार्षिक कंक्रीट डे समारोह में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस भव्य समारोह में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत प्रदेश के उत्कृष्ट इंजीनियरों और आर्किटेक्ट्स को पुरस्कृत किया गया।

शोभा खन्ना देश की एकमात्र ऐसी महिला इंजीनियर हैं, जिनके नाम 100 से अधिक पुलों के निर्माण का रिकॉर्ड दर्ज है। वर्ष 2016 में उज्जैन सिंहस्थ के दौरान उनके नेतृत्व में 16 महत्वपूर्ण पुल बनाए गए थे। उनके इन उत्कृष्ट कार्यों के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री उन्हें 'सिंहस्थ सेवा मेडल 2016' से सम्मानित कर चुके हैं। इसके अलावा लोक निर्माण मंत्री द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

इंजीनियर खन्ना को इससे पहले भी कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। वर्ष 2013-14 और 2014-15 में उनके द्वारा निर्मित पुलों को आईसीआई-अल्ट्राटेक द्वारा बेस्ट कंक्रीट स्ट्रक्चर का पुरस्कार मिल चुका है। वर्ष 2021 में उन्हें मध्य प्रदेश का कंक्रीट टेक्नोलॉजिस्ट अवार्ड दिया गया। इसके अलावा नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय तकनीकी पत्रिका सीई एंड सीआर ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर के कंस्ट्रक्शन वुमन एम्पावरमेंट अवार्ड 2023 से नवाजा था। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा भी 8 मार्च 2025 को उन्हें 'नारी विक्रम अलंकरण' से सम्मानित किया गया है। लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्ति के बाद मध्य प्रदेश शासन ने उन्हें भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के लिए जीएम सिविल नियुक्त किया था, जहां उन्होंने कोरोना काल के दौरान भी दो वर्ष से अधिक समय तक सेवाएं दीं।

बाजार मे खूब बिक रहे रंगबिरंगे हाथी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अश्विन मास की अष्टमी पर माता लक्ष्मी की पूजन का धार्मिक विधान है। मां लक्ष्मी का वाहन हाथी है और माता का ऐसा रूप गजलक्ष्मी कहा गया है। गजारूढ लक्ष्मी को संपन्नता व समृद्धि की देवी माना गया है। सनातन धर्म महिलाएं श्राद्ध पक्ष की अष्टमी पर गजलक्ष्मी के प्रतिक स्वरूप मिट्टी के हाथी की पूजन करती हैं। हाथी पर भगवान विष्णु के साथ लक्ष्मीजी आसीन होती हैं। महालक्ष्मी की पूजन हेतु शहर के बाजारों व कालोनियों मे मिट्टी के हाथी खूब बिक रहे हैं। मिट्टी की कमी के चलते इस वर्ष प्रति हाथी की कीमत रू सौ से डेढ सौ तक चल रही है। टावरचौक से लेकर शहीदपार्क तक दुकानों पर रंगबिरंगे हाथी बिक रहे हैं। कालोनियों में ठेलागाडी पर हाथी बिक रहे हैं।

अश्विन मास की अष्टमी पर घरों मे महालक्ष्मी पूजा की जाती है। इस पर्व पर महिलाओं द्वारा मिट्टी के बने हाथी पर विराजित माता लक्ष्मी की पूजन पूरे विधि-विधान से की जाती है और अखंड सौभाग्य व समृद्धि की कामना की जाती है। महालक्ष्मी पूजन पर महिलाएं पहले सुबह स्वच्छ जल मे दूर्वा डालकर स्नान करती हैं तत्पश्चात हल्दी से पीले रंगे हुए सूत को धारण करती हैं।

हाथीपूजा व आटे के दीप

महिलाएं सौलह सूत के डोरे मंत्रोच्चार के साथ गले मे धारण करती हैं। आटे के सोलह दीपक बनाकर मिट्टी से बने हुए हाथी के आसपास प्रज्जवलित करती हैं। गुड से बने मीठे पकवान महालक्ष्मी को अर्पित किए जाते हैं और हाथीपूजा की कथा सुनी जाती है। कथा मे राजा मंगलसेन व चिल्लदेवी व चोलदेवी की कथा है । कथानुसार महालक्ष्मी की अष्टमी पर विधिपूर्वक पूजन करने से संपन्नता व समृद्धि बनी रहती है। देवी को विस्मृत करने पर कठोर दंड का उल्लेख कथा मे है। हाथी का पूजन सिंदूर से करके महिलाएं अपनी मांग मे गहरा सिन्दूर भरती हैं और अखंड सौभाग्य का वरदान देवी लक्ष्मी से मांगती हैं।



बच्चों ने तूलिका से दिया रक्तदान का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महात्मा गांधी की जयंती पर शहर की रक्तदाता संस्था उज्जयिनी रक्त संचार संस्था ने रक्तदान के महत्व को समझते हुए नई पीढी को इसकी महत्ता समझाने के उद्देश्य से स्थानीय आस्था गार्डन मे एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की। स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता मे नन्हे मुन्ने बच्चों ने रक्तदान पर केन्द्रित चित्र बनाए। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए व प्रत्येक प्रतिभागी को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे रक्त संचार संस्था के सुनील गुप्ता, अलका शर्मा, आमिर भाई, कीर्ति तोमर , चेतन सिसौदिया, अखिल पाटीदार उपस्थित थे।



दूध के नए दाम निर्धारित, आज से 66 रुपए लीटर बिकेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में उज्जैन दूध विक्रेता संघ ने दूध की नई दरें तय कर दी हैं। शनिवार, 3 अक्टूबर से शहरवासियों को दूध 66 रुपए प्रति लीटर के भाव से मिलेगा। कम बारिश के साथ ही चारा, खली, डीजल और गैस के दामों में हुई वृद्धि को देखते हुए संघ की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शुक्रवार, 2 अक्टूबर को उज्जैन दूध विक्रेता संघ के अध्यक्ष मोहन वासवानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।मौजूदा स्थिति और बढ़ती लागत को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद दूध की खरीदी और बिक्री के नए दाम निर्धारित किए गए। सर्वसम्मति से तय किया गया कि किसानों और पशुपालकों से दूध की खरीदी 9.70 रुपए प्रति फैट की दर से की जाएगी।

वीकेंड पर देवदर्शन - हरिफाटक ब्रिज व चिंतामन रोड पर जाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आसपास के शहरों से देवदर्शन की ललक मन मे लेकर श्रद्धालुओं का काफिला उमड पडा बाबा भोलेनाथ की नगरी में। आज शाम को इंदौर, देवास, भोपाल व महाराष्ट्र ,गुजरात पासिंग चौपहिया वाहनों की लंबी कतार शहर की मुख्य सडकों व बायपास पर देखी गई। सर्वाधिक वाहनो की भीड महाकाल पहुंच मार्ग यानी हरिफाटक व गऊघाट के पास रही। इस दौरान हरिफाटक मार्ग पर जाम भी लगा ।

वाहनों के जाम के दौरान यातायात पुलिसकर्मी नदारद रही और यातायात काफी समय तक अव्यवस्थित रहा। पास ही विकास कार्यों के चलते रोड खुदा होने से भी दिक्कत हुई। कुछ चौराहों पर यातायात पुलिस जवान नजर तो आए पर वे मोबाइल चलाने मे व्यस्त दिखे।



शिक्षा का प्रभाव- श्राद्धपक्ष में महिलाएं कर रही हैं पूजा-पाठ और श्राद्धकर्म

सनातन बहुत ही प्रगतिशील और वैज्ञानिक धर्म है जहां महिलाओं को भी पुरूषों के समान ही पूजा पाठ व कर्मकांड के पूरे अधिकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन (पं राहुल शुक्ल)

आज यदि जीवन के हर क्षेत्र मे महिलाएं, पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती नजर आ रही हैं तो ये हमारे समाज की प्रगतिशीलता का स्पष्ट प्रमाण तो है ही साथ ही शिक्षा के प्रसार का उजला पक्ष भी कहा जा सकता है। शिक्षा एक विशेष दृष्टिकोण का सूत्रपात करती है जो तर्कसंगत होता है न कि पुरातन सडी गली मान्यताओं और कुरीतियों का अंधानुकरण। प्राचीन धार्मिक व पवित्र सप्तपुरियों मे से एक बाबा महाकाल की नगरी मे भी उजली तस्वीर श्राद्धपक्ष मे देखने को मिल रही है। पावन शिप्रा के तट पर पंडित के सान्निध्य व मार्गदर्शन मे कुछ महिलाएं भी श्राद्धकर्म संपादित करती नजर आ रही हैं । अमूमन पहले ऐसे दृश्य देखने को नहीं मिलते थे किन्तु विगत कुछ वर्षों से ये एक सामान्य धार्मिक घटना है जो नदी तट पर दिख रही है।

समाज की प्रगति मे शिक्षा एक धारदार हथियार है और देखा जाए तो जहां महिलाएं उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे नित नए आयाम सृजन कर रही हैं तो श्राद्धकर्म करनेवाले पंडित भी उच्च शिक्षित हैं। ऐसे विद्वान पंडितों ने महिलाओं के श्राद्धकर्म संपादन को स्वीकृति देकर साबित कर दिया कि सनातन बहुत ही प्रगतिशील और वैज्ञानिक धर्म है जहां महिलाओं को भी पुरूषों के समान ही पूजा पाठ व कर्मकांड के पूरे अधिकार हैं।

हरियाणा के कैथल से पिंडदान व तर्पण करने आई विद्यावती चौधरी ने बताया कि गरूडपुराण मे स्पष्ट उल्लेख है कि विशेष परिस्थितियों मे बेटी भी अपने मृत माता पिता का पिण्डदान कर सकती है। उन्होने कहा कि जब माता पिता आजकल पुत्री को ही पुत्र मानकर कोई भेद नही रखते तो फिर पुत्री का ये फर्ज है कि अपने मृत माता पिता का धार्मिक कर्मकांड पूरी श्रद्धा से करे,ताकि उन्हे मोक्ष मिले। इसी प्रकार दिल्ली से आकर श्राद्धकर्म कर रहीं मंजीत मलिक ने भी बताया कि वे अपने माता पिता की इकलौती संतान हैं और पिता की मृत्यु उपरांत वे हमेशा चिंतित रहती थीं कि उनके पापा को मुक्ति मिली या नहीं। इसका निकाल उनके उच्च शिक्षित पति ने निकाला और उज्जैन आकर उनसे पिण्डदान व संबंधित पूजा करवाई।



विशेष परिस्थितियों मे मान्य पर शुद्धता वांछित

इस संबंध मे पं विशाल शुक्ला का कहना है कि सनातन धर्म मे बेटी या बहू को श्राद्धकर्म करने का पूरा अधिकार है पर विशेष परिस्थितियों में इसका उल्लेख गरूडपुराण व धर्म सिन्धु दोनो ग्रंथों मे है। श्राद्धकर्म करनेवाली महिला को शुद्धता का ध्यान रखना चाहिए। मासिक धर्म के दौरान श्राद्धकर्म निषेध है। इसी प्रकार परिवार की बडी बेटी को कर्म करना चाहिए ।



श्राद्धपक्ष मे विभिन्न घाटों पर महिलाओं को श्राद्धकर्म करते देख इसी बात की पुष्टि होती है कि समान अधिकार सिर्फ कागजों तक सिमटा शब्द अब नहीं रहा और महिलाएं अपने फर्ज को लेकर भी बेहद संजीदा हैं जो एक उजली तस्वीर है।

उज्जैन
शनिवार
03
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

गुकारस्त्वन्धकारस्तु रुकार स्तेज उच्यते।
अन्धकार निरोधत्वात् गुरुरित्यभिधीयते।।

अर्थ: गुह्मकार याने अंधकार और रुह्मकार याने तेज; जो अंधकार का निरोध (ज्ञान का प्रकाश देकर अंधकार को रोकना) करता है, वही वास्तव में गुरू कहलाता है।

खबर एक नजर...

कबाड़ से बनी 9 फीट ऊंची सफाई मित्र की प्रतिमा

इंदौर। स्वच्छता, वेस्ट के रीयूज और रिसायकल का संदेश देने के लिए नगर निगम इंदौर ने अनूठी पहल की है। मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों के कबाड़ हो चुके स्पेयर पार्ट्स से सफाई मित्र की 9 फीट ऊंची और करीब 700 किलो वजनी प्रतिमा तैयार की गई है। स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर नेहरू पार्क में आयोजित समारोह में विधायक महेंद्र हार्डिया, विधायक रमेश मेंदोला, प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर और निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने इस वेस्ट टू आर्ट आकृति का लोकार्पण किया। इस आकृति को तैयार करने में कन्वेयर रोलर, कन्वेयर बेल्ट, व्हील डिस्क, स्वीपिंग मशीन ब्रश, बियरिंग, साइलेंसर, टायर गेटर, पुराने नट-बोल्ट, वाटर सप्लाई लाइन सहित विभिन्न अनुपयोगी सामग्री का रचनात्मक उपयोग किया गया है। इस पहल के माध्यम से कचरे से उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं का निर्माण और 3-आर (रिड्यूस, रीयूज एवं रिसायकल) की अवधारणा को प्रोत्साहित किया गया। नगर निगम की इस पहल का उद्देश्य अनुपयोगी सामग्री को फेंकने के बजाय उसका दोबारा उपयोग करना है। सफाई मशीनों के पुराने और खराब पार्ट्स से उपयोगी और आकर्षक स्वरूप दिया जा सकता है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के समापन अवसर पर गांधी हॉल से नेहरू पार्क तक 16 अलग-अलग वाहनों की रैली निकाली गई। समारोह में स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले निगम के सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। गार्डन विभाग के 22 सफाई मित्रों, पीपीई किट वितरण कर्मियों और सीटी-पीटी केयरटेकर के 5 कर्मियों को सम्मान मिला। वहीं स्वच्छता अभियान में सहयोग करने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों को भी मोमेंटो व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

क्राइम ब्रांच अफसर बनकर घर में घुसे बदमाश

इंदौर। आजाद नगर इलाके में बदमाशों ने खुद को क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बताकर एक ठेकेदार के घर में घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने उसे थाने ले जाने और केस में फंसाने की धमकी दी। डर के चलते ठेकेदार ने उन्हें 4 हजार रुपए दे दिए। शिकायत के बाद पुलिस टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। आजाद नगर टीआई लोकेश भदौरिया ने बताया कि हुसैनी मस्जिद वाली गली में रहने वाले इमरान पिता अनवर खान की शिकायत पर आरोपी भैया पठान, शाहरुख पेट्रोल और उनके दो अन्य साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इमरान ठेकेदारी का काम करते हैं। इमरान ने पुलिस को बताया कि 28 सितंबर की रात करीब 3 बजे आरोपियों ने उनके घर का दरवाजा बजाया। दरवाजा नहीं खोलने पर उन्होंने लातें मारना शुरू कर दिया। दरवाजा खोलते ही चारों जबरन घर में घुस आए। आरोपियों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताते हुए इमरान से थाने चलने को कहा। इमरान ने जाने से इनकार करते हुए कहा कि वे पुलिस की वर्दी में नहीं हैं और उनसे आईडी कार्ड मांगा। इस पर आरोपी भड़क गए। उन्होंने इमरान को कमरे से बाहर धक्का दिया और कहा कि उन्हें बड़े साहब के पास लेकर चलते हैं। घर से बाहर आने के बाद आरोपियों ने खर्चे के नाम पर पैसे मांगे और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। बातचीत के दौरान उन्होंने इमरान से 4 हजार रुपए जबरन ले लिए। वारदात के बाद आरोपी बाहर खड़ी स्कॉर्पियो में बैठकर भाग गए। इमरान ने परिवार और दोस्तों को घटना बताई। परिजनों की सलाह के बाद वह थाने पहुंचे और आरोपियों का हुलिया बताया।

मार्केट मे खुलेआम रंगदारी करने निकले बदमाश

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में शाम को रंगदारी करने पहुंचे तीन बदमाशों ने सब्जी व्यापारी से रुपयों की मांग की। व्यापारी ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान एक बदमाश ने चाकू निकालकर व्यापारी की पत्नी की पीठ पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर जमा भीड़ ने एक बदमाश को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जबकि उसका साथी भाग गया। पुलिस के मुताबिक, घटना बिल्सी रोड की है। यहां मोनू साहू सब्जी की दुकान लगाते हैं। रात में उनके पिता गयाप्रसाद और पत्नी पूजा भी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान अरुण, उसका भाई अंकुर और एक अन्य बदमाश निश्चल वहां पहुंचे। अरुण ने मोनू से जबरन रुपए मांगे। मोनू ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपियों ने चाकू निकाल लिया और मोनू की कॉलर पकड़ ली। पत्नी पूजा बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपियों ने उसकी पीठ पर चाकू मार दिया। हमले में पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई। मोनू और उसके पिता गयाप्रसाद ने शोर मचाकर लोगों से मदद मांगी। आसपास मौजूद लोगों ने घेराबंदी कर आरोपी अरुण को मौके पर ही पकड़ लिया। भीड़ ने उसकी पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। उसका साथी मौके से भागने में सफल रहा। घायल पूजा को इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामूली धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। रहवासियों ने भी आक्रोश जताते हुए कहा कि पुलिस बदमाशों पर सख्त कार्रवाई नहीं करती। इसके चलते क्षेत्र में आए दिन गुंडे लोगों को डराते-धमकाते रहते हैं।

पानी की टंकी के तीन बड़े प्रोजेक्ट नगर निगम की लापरवाही से अटके हुए

करीब 15 करोड़ खर्च कर ढांचा खड़ा किया लेकिन आपूर्ति शुरू नहीं

8 साल बाद भी आजाद नगर, नौलखा व गोंदवले धाम की टंकी अधूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर की करीब एक लाख आबादी तक नल से जल पहुंचाने के लिए तैयार किए गए पानी की टंकी के तीन बड़े प्रोजेक्ट नगर निगम की लापरवाही से अटके हुए हैं। नौलखा और गोंदवले धाम की टंकियों पर करीब 15 करोड़ रुपए खर्च कर ढांचा खड़ा कर दिया गया है, लेकिन आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। उधर, आजाद नगर की टंकी का काम पिछले आठ वर्षों से अधूरा पड़ा है।

ठेकेदार के भुगतान विवाद में आठ साल से अटकी निर्माण प्रक्रिया वार्ड 53 की आजाद नगर टंकी का निर्माण कार्य भुगतान से जुड़े



मामले में फंसा हुआ है। निगम स्तर पर बिल पास न होने और विवाद अटकने के कारण आठ साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य ठप पड़ा है।

पुरानी परियोजनाएं पेंडिंग अब अमृत-2 के तहत 2029 की नई डेडलाइन

एक ओर निगम की पुरानी परियोजनाएं सालों से अधूरी हैं, वहीं दूसरी तरफ निगम अमृत-2 योजना के तहत 40 नई पानी की टंकियां बनाने की तैयारी कर रहा है। इन नई टंकियों के निर्माण के लिए वर्ष 2029 तक की समय सीमा तय की गई है।

दिसंबर के पहले तीनों टंकी का काम पूरा हो जाएगा दिसंबर के पहले तीनों टंकी का काम पूरा हो जाएगा। यह पुराने प्रोजेक्ट्स थे। गर्मी के पहले इन्हें शुरू किया जाएगा।

- आशीष पाठक, अपर आयुक्त

वर्क ऑर्डर के 6 साल बाद भी लीकेज और ट्रंक लाइन का पेंच वर्ष 2020 में स्वीकृत नौलखा और गोंदवले धाम पानी की टंकी का वर्क ऑर्डर दिसंबर 2020 में जारी हुआ था। 16 महीने में पूरा होने वाला यह काम 2022-23 की डेडलाइन बीतने के तीन साल बाद भी अटका है।

- **नौलखा :** निर्माण के बाद जलापूर्ति जांच में पाइपलाइन लीकेज पाया गया। ठेकेदार कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर अब नए सिरे से पाइपलाइन डालने के लिए टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। इससे वार्ड 63 के स्नेह नगर, रेडियो कॉलोनी, भंवरकुआं, जानकी नगर, भगवानदीन नगर, मनीषपुरी, शुक्ला नगर और शंकरबाग (अमृत वन) प्रभावित हैं।
- **गोंदवले धाम :** ढांचा तैयार होने के बावजूद इसे ट्रंक लाइन से नहीं जोड़ा गया है। इस कारण प्रजापत नगर सहित 10 से अधिक कॉलोनियों को पानी नहीं मिल पा रहा है और वे मजबूरी में वार्ड 71 की टंकी पर निर्भर हैं।

इंदौर-दाहोद: 3 किलोमीटर टीही टनल में

आखिरी 202 मीटर हिस्से में रेलवे ट्रैक बिछाने का काम बाकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

25 दिन में टनल सहित इलेक्ट्रिफिकेशन पूरा करने का लक्ष्य, इसी महीने सीआरएस इंस्पेक्शन की तैयारी इंदौर-दाहोद रेल लाइन प्रोजेक्ट के तहत धार तक ट्रेन चलाने की सबसे अहम कड़ी अंतिम दौर में है। जिस टीही टनल का काम कभी टनल में पानी भरने, कॉन्ट्रैक्ट शॉर्ट टर्मिनेट होने तो कभी कोरोना काल के कारण लंबा खिंच गया, अब वही टनल ट्रेन दौड़ाने की दिशा में अंतिम चरण में पहुंच गई है।



धार तक ट्रेन चलाने रास्ता साफ होगा

करीब 3 किमी (2957 मीटर) लंबी इस टनल में अब सिर्फ 202 मीटर हिस्से में बैलास्ट लेस ट्रैक (बीएलटी) बिछाना बाकी है। रेलवे कंस्ट्रक्शन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रोज औसत 50 मीटर ट्रैक बिछाया जा रहा है। इस गति से अगले चार दिन में यह काम पूरा होने का दावा है। रेलवे के अनुसार टनल से जुड़े बाकी सभी काम भी करीब 25 दिन में पूरे कर लिए जाएंगे।

इसके बाद सबसे अहम चरण कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) का निरीक्षण होगा। रेलवे इसी महीने के अंत तक सीआरएस निरीक्षण की तैयारियां पूरी करने की दिशा में काम कर रहा है। सीआरएस से अनुमति मिलने के बाद धार तक ट्रेन संचालन शुरू करने का रास्ता साफ होगा। रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार ने बताया टनल में दो पारियों में काम चल रहा है, जो अंतिम चरणों में है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। रेलवे के इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से मध्यप्रदेश और गुजरात के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा, यात्रियों को रेल सुविधा मिलेगी।

टीही और पीथमपुर एंड से टनल कनेक्टिविटी का काम भी शुरू टनल का निर्माण पूरा होने के बाद टीही से पीथमपुर और धार तक रेल कनेक्टिविटी का यह महत्वपूर्ण हिस्सा जुड़ जाएगा। इसके दोनों छोर को मुख्य रेल लाइन से जोड़ने का काम भी साथ-साथ चल रहा है। रेलवे ने टीही और पीथमपुर एंड दोनों तरफ टनल के पास ट्रैक बिछाने का काम शुरू कर दिया है। टनल के दोनों एंड पर खास प्रतिकृति बनाई जाएगी। इसके लिए प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। टनल के आगे भी रेलवे ने ज्यादातर काम पूरा कर दिया है। पीथमपुर, सागौर, गुणावद और धार तक स्टेशन बिल्डिंग तैयार हो चुकी है। फिनिशिंग का काम बाकी है। सिग्नलिंग का 97 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बाकी काम मुख्य रूप से इंटरलॉकिंग के दौरान पूरा किया जाएगा।

फर्जी पुलिसकर्मी बनकर बुजुर्ग से ठगी

जांच के बहाने सोने की अंगूठी ले उड़े, मोटू-पतलू गिरोह पर शंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के हीरानगर इलाके में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। पत्नी का इलाज कराने नर्मदापुरम से इंदौर आए बुजुर्ग को बाइक सवार दो बदमाशों ने बातों में उलझाया। चोरी की जांच का हवाला देकर हाथ में पहनी सोने की अंगूठी उतरवाई और उसे लेकर फरार हो गए। पुलिस को वारदात में शहर में पहले सक्रिय रही मोटू-पतलू गैंग के शामिल होने का संदेह है।

हीरानगर पुलिस ने पीड़ित रामनारायण मालवीय की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है। रामनारायण ने पुलिस को बताया कि वे 27 सितंबर को पत्नी उर्मिला का इलाज कराने नर्मदापुरम से इंदौर आए थे। वे अपने बेटे विशाल के घर ठहरे थे। 30 सितंबर को एचडीएफसी बैंक के पास स्थित मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने रामनारायण से पूछा कि क्या वे अग्रवाल जी को जानते हैं। इसके बाद कहा कि उनके यहां चोरी हो गई है और वे जांच कर रहे हैं।

जांच के बहाने अंगूठी उतरवाई और भागे- बदमाशों ने बुजुर्ग को अपनी बातों में उलझा लिया। इसी दौरान एक बदमाश उनसे बातचीत करता रहा, जबकि दूसरे ने जांच का हवाला देते हुए हाथ में पहनी सोने की अंगूठी दिखाने को कहा। रामनारायण ने जैसे ही अंगूठी उतारी, दोनों बदमाश उसे झपटकर बाइक से तेजी से फरार हो गए। इसके बाद



बुजुर्ग ने पुलिस को सूचना दी।

मोटू-पतलू गैंग पर पुलिस को संदेह- पुलिस को आरोपियों के हुलिए और वारदात के तरीके के आधार पर मोटू-पतलू गैंग पर संदेह है। दोनों आरोपियों को आखिरी बार 2021 में हीरानगर पुलिस ने पकड़ा था। उस समय पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने लसूडिया, विजय नगर और खजराना समेत अन्य थाना क्षेत्रों में ठगी की कई वारदातें की थीं। वारदात के बाद वे शहर से बाहर निकल जाते थे।

ईरानी गैंग के पैटर्न से भी मिलती है वारदात- पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस तरह की वारदातों में ईरानी गैंग भी इसी तरह का तरीका अपनाती है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बाइक और आरोपियों के हुलिए के आधार पर उनकी पहचान और तलाश की जा रही है।

सड़कों पर घूम रहे आवारा श्वान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर शहर के सबसे बड़े सरकारी एंटी-रेबीज केंद्र (हुकुमचंद पॉलीक्लीनिक यानी लाल अस्पताल) के आंकड़े बताते हैं कि पिछले डेढ़ साल में करीब 57 हजार मरीज श्वानों के हमले के बाद इलाज कराने पहुंचे। यानी हर महीने औसतन 4000 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। यदि निजी अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का डेटा जोड़ें तो शहर में सालाना डॉग बाइट का आंकड़ा 80 हजार के पार पहुंच जाता है। जुलाई और अगस्त 2026 के महज 60 दिनों में स्वास्थ्य विभाग के पास 8142 डॉग बाइट के केस दर्ज हुए। अगस्त में दर्ज कुल 4676 एनिमल बाइट में 86% मामले सिर्फ श्वानों के हैं। इनमें 634 बच्चे शामिल हैं, जो श्वान के काटने का शिकार हुए। बच्चों पर बड़ा जोखिम : मासूम बच्चों की कम हाइट के कारण कुत्ते सीधे उनके चेहरे, गले या हाथों पर हमला करते हैं। इससे वायरस नसों के जरिए सीधे ब्रेन तक तेजी से पहुंचता है।

70% श्वानों का मास वैक्सीनेशन ही एकमात्र स्थायी समाधान श्वान काटने पर घाव को तुरंत बहते पानी और साबुन से कम से कम 15 मिनट तक धोना अनिवार्य है। रेबीज को जड़ से खत्म करने के लिए डब्ल्यूएचओ का मानक है कि शहर की कुल श्वान आबादी के कम से कम 70% हिस्से का एक साथ मास वैक्सीनेशन और नसबंदी हो।

- डॉ. संजय दीक्षित, कम्युनिटी मेडिसिन विशेषज्ञ व पूर्व डीन (एमजीएम मेडिकल कॉलेज)

निगम की दुकानों का जमा नहीं किया किराया

101 दुकानदारों का आवंटन कैंसिल, बकायादारों को दिया था मौका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

निगम स्वामित्व के विभिन्न माकेर्टों में स्थित दुकानों का नियमित किराया जमा नहीं करने वाले दुकानदारों पर नगर निगम ने नियमानुसार कार्रवाई की। निगम ने 101 दुकानदारों का आवंटन कैंसिल कर दिया है, जबकि इन्हें कई बार मौका दिया था।

अपर आयुक्त राजस्व आकाश सिंह ने बताया कि इन बकायादारों को किराया जमा कराने के लिए पहले 17 दिसंबर 2017 को सार्वजनिक सूचना जारी कर सूचित किया। फिर भी जिन दुकानदारों ने किराया जमा नहीं किया, उनमें से कुल 412 दुकानदारों के किराया खाते 2017-18 में लॉक कर दिए थे। इनमें निगम स्वामित्व के प्रमुख मार्केट पालिका प्लाजा, हरसिद्धि, प्रिंस यशवंत रोड, मालवा मिल शिवाजी नगर, सरदार पटेल ब्रिज सहित अन्य माकेर्टों की दुकानें शामिल थीं।

उन्होंने बताया कि निगम ने ऐसे दुकानदारों को वापस मौका देते हुए समय-समय पर आवेदन करने और बकाया किराया जमा कराने की सुविधा दी। इस दौरान जिन दुकानदारों ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत बकाया राशि जमा की, उनके किराया खाते नियमित करते हुए किराया जमा कराया जा रहा है।

इसके बावजूद 254 दुकानदारों को साल 2026 में विभाग ने वापस बकाया किराया राशि जमा कराने के लिए कहा। सूचना के बाद भी जिन दुकानदारों ने बकाया किराया जमा नहीं किया, उनके खिलाफ नियमानुसार मई 2026 में दुकानों की कुर्की की कार्रवाई की।

कुर्की के बाद संबंधितों को अपना पक्ष रखने और सुनवाई का मौका दिया। 7 सितंबर 2026 को सूचना पत्र जारी कर 7 दिन का समय दिया, ताकि वे बकाया किराया जमाकर जरूरी डॉक्यूमेंट्स और अपना पक्ष रख सकें।

उन्होंने बताया कि 101 ऐसे दुकानदार पाए गए, जिन्होंने निर्धारित अवधि में बकाया किराया जमा नहीं किया और सुनवाई में आकर अपना पक्ष भी नहीं रखा। मौका दिए जाने और निगम के साथ किए गए अनुबंध व आवंटन की शर्तों का पालन नहीं करने पर 101 दुकानदारों का दुकान आवंटन/निगम अनुबंध कैंसिल किया गया है।

इंदौर में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष का जोन अभियान

वार्डों की समस्याओं को लेकर अधिकारी से कर रहीं सीधी बात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के कई वार्डों में बड़ी समस्याएं हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं होती। आखिर रहवासियों को इससे निजात क्यों नहीं मिल रही? यह जानने के लिए नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने जोन अभियान शुरू किया है। जिन वार्डों में ज्यादा समस्याएं हैं, वहां वे व्यक्तिगत रूप से जाकर वार्ड अध्यक्षों और लोगों से मैदानी स्थिति जान रही हैं। साथ ही जिम्मेदार जोनल अधिकारी से मुलाकात कर सीधी बात कर रही हैं। उनसे पूछा जा रहा है कि समस्याओं का निराकरण कब तक और कैसे होगा।

अभियान के तहत वार्डों में कई तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। इसमें ड्रेनेज, पानी, बिजली सहित कई लोगों को योजनाओं का



लाभ न मिलने की शिकायतें भी सामने आई हैं। इन्हें लेकर अब वे जिम्मेदारों से मिलकर सीधी बात कर रही हैं।

इस अभियान की शुरूआत जोन 22 से हो चुकी है। अब यह अभियान आगे बढ़ेगा और सभी जोनों तक जाएगा।

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। लगातार वार्डों में जाकर लोगों की समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निराकरण को लेकर जोनल अधिकारियों से सीधी बात की जाएगी।

वार्डों की समस्याओं का जोन पर निराकरण

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने बताया कि वार्डों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए जोन अभियान की शुरूआत की है। वार्डों में कई जगह अनियमितताएं हैं और कई जगह सुनवाई नहीं होती है। इसलिए जोनल ऑफिसों पर जाने का अभियान शुरू किया गया है। हाल ही में जोन 22 के जोनल अधिकारी से मुलाकात की और उनसे वार्डों में व्याप्त समस्याओं को लेकर सीधी बात की। उन्होंने कहा कि जोन में कई वार्ड आते हैं। इन वार्डों में कई समस्याएं हैं, जिनका निराकरण होना चाहिए। वार्डों में ड्रेनेज, पानी, बिजली, योजनाओं सहित अन्य समस्याएं सामने आ रही हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर जोनल अधिकारी से सीधी बात की और समस्याओं के निराकरण को लेकर जवाब मांगा। मिमरोट ने बताया कि जोन 22 में दो वार्ड ऐसे हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में जुड़े हैं। ऐसे में इन वार्डों में कई सुविधाएं अछूती हैं और लोग कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन वार्डों में कई जगह ड्रेनेज लाइन, रोड आदि का काम नहीं हुआ है। इन समस्याओं पर बिंदुवार बात की और निराकरण कब तक होगा, इसका जवाब मांगा। इस अभियान से उम्मीद है कि लोगों की समस्याओं का निराकरण हो सकेगा।

खबर एक नजर...

5 साल में सबसे कम बारिश, आधा एमपी सूखा, 25 जिलों में ही सामान्य बरसात

भोपाल। मध्य प्रदेश के आधे हिस्से में सूखे जैसे हालात हैं। 55 में से 30 जिलों में सामान्य बारिश का कोटा पूरा नहीं हुआ है। इनमें भी 11 जिले ऐसे हैं, जहां 80% से कम पानी गिरा। आलीराजपुर में तो आधी बारिश भी नहीं हुई। पश्चिमी हिस्से, यानी इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में 12% तक कम पानी गिरा। पूर्वी हिस्से जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 4% ज्यादा बारिश हुई।

प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की सामान्य बारिश औसत 37.3 इंच है। इस बार 35.6 इंच पानी ही गिरा, जो ओवर-ऑल 4% कम है। मौसम विशेषज्ञ की मानें तो अनियमित बारिश से फसल, पेयजल और उद्योग पर असर पड़ेगा। प्रदेश में इस बार 5 साल की तुलना में सबसे कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। साल 2022 में सबसे ज्यादा 46 इंच पानी गिरा था। 2023 में 37.2 इंच, 2024 में 40.2 इंच और 2025 में 45.2 इंच बारिश हुई थी। वहीं इस बार 35.8 इंच पानी ही गिरा है। बता दें कि इस बार मानसून 9 दिन देरी से 24 जून को पहुंचा था और अगले 9 दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लिया। देरी की वजह से प्रदेश में जून में 30 प्रतिशत बारिश कम हुई थी, लेकिन जुलाई के पहले सप्ताह में ये आंकड़ा प्लस में 8 प्रतिशत पर आ गया। अगस्त के दूसरे सप्ताह में भारी बारिश का दौर शुरू हो गया, जो आखिरी तक तक जारी रहा। सितंबर के पहले सप्ताह में भारी बारिश का दौर बना रहा। तीसरे सप्ताह पश्चिमी हिस्से में अच्छी बारिश हुई। आखिरी सप्ताह प्रदेशभर में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई।

गांव में दो घरों से निकले कोबरा और अजगर, किचन में 6.5 फीट का कोबरा

सतना। सतना जिले के सेमरा गांव में शुक्रवार को दो अलग-अलग घरों में सांप निकलने से हड़कंप मच गया। एक घर की रसोई में करीब साढ़े 6 फीट लंबा कोबरा मिला, जबकि दूसरे घर की अटारी में साढ़े 7 फीट लंबा अजगर लिपटा हुआ था। चंद्रमणि पांडेय के घर की रसोई में महिलाएं खाना बना रही थीं। तभी एक बुजुर्ग महिला को नीले ड्रम के पीछे से सांप के फुंफकारने की आवाज सुनाई दी। पास जाकर देखा तो वहां करीब साढ़े 6 फीट लंबा कोबरा बैठा था। इसी गांव में कुलपत प्रजापति के कच्चे मकान की अटारी में भी साढ़े 7 फीट लंबा अजगर लिपटा मिला। दोनों घटनाओं की सूचना वन विभाग की रेस्क्यू टीम को दी गई। रेस्क्यू प्रभारी नरेंद्र पयासी और सांप पकड़ने के एक्सपर्ट शंखधर तिवारी ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद दोनों सांपों को सुरक्षित पकड़ा।

11 महीने से स्व-सहायता समूहों को नहीं मिली राशि

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले की नानपुर ग्राम पंचायत में शुक्रवार शाम को ग्रामसभा में बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी समस्याएं जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम के सामने रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि स्व-सहायता समूहों को करीब 11 महीने से राशि नहीं मिली है। कुछ समूहों के खातों में सिर्फ 20 से 50 रुपए ही जमा हुए हैं। अधिकारियों ने भुगतान नहीं होने का कारण समूहों की ङउ पूरी नहीं होना बताया। इस पर ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि अगर ङउ अधूरी है तो उन्हीं खातों में 20 से 50 रुपए की राशि कैसे जमा हुई। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच कर भुगतान रुकने की वास्तविक वजह स्पष्ट करने की मांग की। ग्रामीणों ने स्व-सहायता समूहों की लंबित राशि के साथ रसोइयों का 400 रुपए प्रतिमाह का मानदेय भी जारी करने की मांग की। उनका कहना है कि लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामसभा में ग्रामीणों ने गांव की अन्य स्थानीय समस्याओं की जानकारी भी जिला पंचायत सीईओ को दी।

एक अंक से फेल मेडिकल छात्र ने मांगा ग्रेस मार्क

ग्वालियर। ग्वालियर के गजरा राजा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र राम नरेश कुशवाहा एनाटॉमी विषय में एक अंक से फेल हो गए। पूरक परीक्षा में उन्हें 32 अंक मिले थे। उन्होंने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन के साथ एक अंक ग्रेस के तौर पर देने की मांग की थी। छात्र का कहना था कि 33 अंक होने पर वह सेकंड प्रोफेशनल की कक्षाओं में शामिल हो सकेगा और उसका एक शैक्षणिक वर्ष बच जाएगा। गुरुवार को जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच ने याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग की गाइडलाइंस में मेडिकल परीक्षा में ग्रेस मार्क्स देने का प्रावधान नहीं है।

रायसेन में चलती बाइक पर जंगली जानवर का हमला

रायसेन। रायसेन जिले में शुक्रवार देर शाम एक बुजुर्ग पर जानवर के हमले का मामला सामने आया है। घायल के परिजन और ग्रामीण हमलावर जानवर को टाइगर बता रहे हैं। घटना में 65 वर्षीय बीना राम बंजारा घायल हो गए। उनके हाथ में चोट आई है, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कालिदास अकादमी में आज से अंतरराष्ट्रीय लोक साहित्य महोत्सव का होगा आगाज

संजा लोकोत्सव के तहत जुटेंगे देश-विदेश के विद्वान

जगोटी में लोकरंग जत्रा में पांच राज्यों के लोक नृत्यों ने मोहा मन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव 2026 के अंतर्गत 3 और 4 अक्टूबर को स्थानीय कालिदास अकादमी में अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं लोक साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं, उत्सव की छठी शाम ग्राम जगोटी में तीन दिवसीय लोकरंग जत्रा का शानदार शुभारंभ हुआ, जिसमें देश के पांच राज्यों की लोक संस्कृति की मनमोहक छटा बिखरी।

प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन हो रहा है। मुख्य समन्वयक प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा और संस्था निदेशक डॉ पल्लवी किशन ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य विषय भारत का लोक और जनजातीय साहित्य एवं संस्कृति संवेदना, पारंपरिक ज्ञान, पर्यावरण और पारिस्थितिकी रखा गया है। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। इस दौरान जयपुर की कला विदुषी डॉ उमा जोशी द्वारा पंचतंत्र पर केंद्रित लघु चित्रों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसी क्रम में 4 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे प्रज्ञा प्रवाह नई दिल्ली के सहयोग से प्राक् लोक मंथन विशेष सत्र आयोजित होगा, जिसके मुख्य अतिथि वक्ता मध्य प्रदेश आदिवासी बोली विकास अकादमी भोपाल के निदेशक डॉ धर्मेंद्र पारे होंगे।

विमर्श में शामिल होंगे देश-विदेश के यह विद्वान और पद्मश्री

इस महोत्सव में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली के सचिव डॉ सच्चिदानंद जोशी, मॉरीशस से डॉ सोमदत्त काशीनाथ, अमेरिका से डॉ मीरा सिंह और नॉर्वे से सुरेश चन्द्र शुक्ल शरद आलोक शामिल होंगे। इसके अलावा पद्मश्री डॉ भगवतीलाल राजपुरोहित, पद्मश्री भेरूसिंह चौहान, पद्मश्री कालूराम बामनिया, पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, पद्मश्री डॉ नारायण व्यास भी मौजूद रहेंगे। साथ ही कुलपति प्रो स्मिता सहस्त्रबुद्धे, पूर्व कुलपति प्रोफेसर राधावल्लभ त्रिपाठी, डॉ पूरन सहगल, प्रो जगदीश चंद्र शर्मा, डॉ ममता खेड़े, माया मालवेंद्र बधेका, डॉ ललित कुमार सिंह, डॉ रमण सोलंकी, डॉ ध्रुवेंद्र सिंह जोधा और डॉ नरेंद्र सिंह पवार सहित कई शिक्षाविद एवं शोधकर्ता हिस्सा लेंगे।

9 साल बाद फिर डूब का खतरा, कागजों में डूब से बाहर बताए परिवारों के आंगन में पहुंचा बैक-वाटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

सरदार सरोवर के गेट बंद हैं, लेकिन ओंकारेश्वर परियोजना की टर्बाइन चलाकर करीब 1896 क्यूमेक्स प्रति सेकंड पानी छोड़े जाने के बाद निसरपुर में बैक-वाटर फिर घरों तक पहुंच गया। जलस्तर 138.68 मीटर पार होते ही पुराने निसरपुर की कई बसाहटों में पानी चौखट और आंगन तक आ गया। शुक्रवार को भी जलस्तर 138.64 मीटर दर्ज किया गया। यह वही निसरपुर है, जहां 2017 में सरदार सरोवर के बैक-वाटर से बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए थे। नौ साल बाद भी सैकड़ों परिवार मुआवजे, पात्रता और पुनर्वास के मामलों में उलझे हैं। भास्कर ने यहां की स्थिति देखी तो कई परिवार अब भी पुराने घरों में मिले।

डूब क्षेत्र के कुल 3,200 परिवारों में से केवल 2 हजार से अधिक को ही पुनर्वास का पूरा लाभ मिल पाया। 88 किसानों की खेती की जमीन जलमग्न हुई थी, इनमें 33 किसान पूरी तरह भूमिहीन हो चुके हैं। नर्मदा बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ता सुरेश प्रधान के अनुसार डाक बंगला, गांधी नगर और पुरानी बसाहटों के 400 से अधिक परिवार अपने मकान और हक के लिए भटक रहे हैं। कई पात्र परिवार आज भी सहायता राशि के लिए चक्कर काट रहे हैं। एनवीडीए-पीडब्ल्यूडी के एसडीओ वीके सिंह ने बताया कि इन्हें अभी 5.80 लाख रु. का लाभ नहीं मिला है। निसरपुर के 282 लोगों के प्रकरण तैयार कर आयुक्त के माध्यम से भोपाल भेजे हैं। स्वीकृति मिलते ही सभी को लाभ दे देंगे।

मध्यप्रदेश में 237 पर्यावरण मंजूरी नियम विरुद्ध

अब सिया बैठक में फैसला, केंद्र ने कहा- डीम्ड क्लीयरेंस का प्रावधान नहीं; 13 अक्टूबर को सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि इन 237 मामलों में एसईएसी अपना मूल्यांकन पूरा कर चुकी थी, लेकिन सिया की बैठक नहीं होने के कारण अंतिम फैसला नहीं हो सका।

मप्र राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (मप्र-सिया) में अध्यक्ष और सदस्य सचिव के बीच 83 दिनों तक चली खींचतान के कारण बिना बैठक के दी गईं 237 पर्यावरण मंजूरियां (ईसी) अब कानूनी सवालों के घेरे में हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना 2006 में किसी भी तरह की डीम्ड क्लीयरेंस का प्रावधान नहीं है।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि इन 237 मामलों में एसईएसी अपना मूल्यांकन पूरा कर चुकी थी, लेकिन सिया की बैठक नहीं होने के कारण अंतिम फैसला नहीं हो सका। इसलिए अब इन सभी मामलों को मप्र-सिया की औपचारिक बैठक में रखकर दोबारा फैसला लेना ही कानूनी रूप से सही कदम होगा। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 13 अक्टूबर को सुनवाई करेगा।

सुप्रीम कोर्ट में पेश फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी या सिएक) केवल एक मूल्यांकन और सिफारिशी निकाय है। अंतिम मंजूरी देने का कानूनी अधिकार केवल राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएआई या सिया) को ही है। ईआईए अधिसूचना 2006 के तहत किसी भी प्राधिकारी (राज्य के अफसरों) के पास डीम्ड क्लीयरेंस जारी करने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हुई जांच, इसी में खुलासा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पर्यावरण मंत्रालय ने 2025 में अतिरिक्त सचिव डॉ. अमनदीप गर्ग की अध्यक्षता में फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाई। जांच में सामने आया कि मप्र-सिया की 83 दिन बैठक नहीं हुई। इस दौरान 237 डीम्ड ईसी जारी की गईं। इनमें 186 ईसी, 37 टीओआर, 10 रिजेक्शन और 4 ट्रांसफर/वैलिडिटी एक्सटेंशन के मामले थे।

प्राकट्य उत्सव पर रविवार को होगी पुष्टिमार्गीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

श्री गुजराती समाज स्कूल में बच्चे लेंगे भाग, सुंदर लेखन पर मिलेगा विशेष पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री हरिराय जी महाप्रभु के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला एवं युवा मंडल उज्जैन द्वारा रविवार 4 अक्टूबर 2026 को पुष्टिमार्गीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दोपहर 2.30 से शाम 4.30 बजे तक नई सड़क स्थित श्री गुजराती समाज स्कूल में आयोजित होगी। इसमें बच्चे भाग लेंगे।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी के अनुसार संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में होने वाले उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री भरत भाई पांचाल और विशेष अतिथि श्री आशीष भाई मेहता होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संजय भाई आचार्य करेंगे। यह प्रतियोगिता 10 वर्ष से 18 एवं 18 वर्ष से ऊपर के आयु समूहों में आयोजित की जाएगी। सभी प्रतियोगियों को उपहार दिए जाएंगे और प्रश्नोत्तरी कॉपी में सुंदर लेखन के लिए विशेष पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। आयोजन में सह-संयोजक आनंद पुरोहित, श्रीमती नुपूर नीमा, अमित नागर, श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष दीपेश शाह, सचिव मनीष नागर, युवा मंडल अध्यक्ष नितीन नीमा, कार्यकारी अध्यक्ष अमर दिसावल, कोषाध्यक्ष आभास शर्मा, सचिव राहुल नागर, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती पारुल शाह, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा नागर, कोषाध्यक्ष श्रीमती परेशा नीमा और सचिव श्रीमती कामिनी शाह अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र शाह, विशाल नीमा, श्रीमती हेतल शाह तथा कार्यक्रम संयोजक प्रमोद जेथलिया, नवल माहेश्वरी, नितेश नागर, सौरभ नागर, अभिषेक नीमा, भारती नीमा और प्रज्ञा खण्डेलवाल ने सभी से आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

पोषण आहार पखवाड़े में जाना संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली का महत्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जेंडर क्लब,आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (क्दअउ), सेवा संकल्प अभियान के संयुक्त तत्वावधान में पोषण आहार पखवाड़े के अंतर्गत पोषण आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती रीना शर्मा, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास, उज्जैन जिला तथा श्रीमती प्रियंका त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, उज्जैन जिला उपस्थित रहीं। श्रीमती रीना शर्मा ने छात्राओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए भोजन में अनाज, दालें, हरी सब्जियाँ, मौसमी फल, दूध एवं अन्य आवश्यक पोषक तत्त्वों का उचित समावेश आवश्यक है। उन्होंने भोजन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में छात्राओं को जंक फूड तथा अत्यधिक तले-भुने खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही स्थानीय एवं प्राकृतिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि पोषण केवल पेट भरने का विषय नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, एकाग्र मन और ऊर्जावान जीवन की आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं को संतुलित आहार के साथ स्थानीय एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों तथा श्री अन्न को भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सपनों को उड़ान देने के लिए प्रतिभा और परिश्रम के साथ अच्छा स्वास्थ्य और पर्याप्त ऊर्जा भी आवश्यक है।

पखवाड़े के अंतर्गत पोस्टर, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी एवं श्री अन्न व्यंजन प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्री अन्न से निर्मित विभिन्न पौष्टिक एवं आकर्षक व्यंजनों की प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं ने स्वस्थ भोजन को रुचिकर बनाने का संदेश दिया।

अग्रसेन जयंती महोत्सव में अग्रवाल नवयुवक मंडल ने लगाया नेत्र शिविर, स्पोर्ट्स डे में दिखा उत्साह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मोदी की गली स्थित अग्रवाल धर्मशाला में महाराज अग्रसेन की भव्य आरती की गई और निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। इन आयोजनों में समाजजनों के साथ शहरवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल ने बताया कि नेत्र परीक्षण शिविर में अग्रवाल समाज के साथ-साथ सभी उज्जैनवासियों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम हुकुमचंद बंसल, श्याम बंसल, मृदुल बंसल, अंकित बंसल एवं समस्त बंसल परिवार के सौजन्य से संपन्न हुआ। इन आयोजनों में अग्रवाल पंचायत न्यास के निमेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक मित्तल, शैलेंद्र मित्तल, गोपाल अग्रवाल, रवि प्रकाश बंसल, मधुर चौधरी और संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। इनके अलावा अग्रवाल नवयुवक मंडल के सचिव दीपेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रियेश अग्रवाल, संगठन मंत्री कृष्णा अग्रवाल, अंकुर गर्ग, मोहित अग्रवाल, यश अग्रवाल एवं प्रखर गोयल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

माधव विज्ञान महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

सेवा संकल्प के तहत दिया जागरूकता का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय की एनसीसी इकाई ने सेवा संकल्प अभियान के तहत सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। 2 मप्र बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। अभियान का शुभारंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

यह आयोजन 2 एमपी बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल बी. रायपुरे और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल ने कैडेट्स को स्वच्छता का महत्व बताते हुए इसे व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व भी बताया। कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वच्छता, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आरके तिवारी, डॉ. शशि जोशी, डॉ. एसके भाबरा, डॉ. एसएस राठौर, डॉ. प्रमोद मालवीय, डॉ. प्रदीप लाखरे, डॉ. जीवन सोलंकी, रंजीत राय, डॉ. मनोज दोहरे, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. जयंत मिश्रा, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी और डॉ. अंतिम सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय का स्टाफ व एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गोशालाओं को देंगे 101 करोड़ रुपए

एमपी में 255 करोड़ के डेयरी प्लांट का भूमिपूजन; केंद्र-राज्य के पुलिस अफसरों संग 2 घंटे बैठक

मेल दशहरा मैदान पर कार्यक्रम के लिए मंच तैयार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज भोपाल में हैं। वे भेल दशहरा मैदान में नए आपराधिक कानूनों पर एमपी पुलिस की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद 11 जिलों के करीब 35 हजार गोपालकों के सम्मेलन में गोशालाओं को 101 करोड़ देंगे। 255 करोड़ के डेयरी प्लांट का भूमिपूजन करेंगे।

इससे पहले केंद्र-राज्य के पुलिस अफसरों के साथ दो घंटे बैठक करेंगे। भौंरी में क्कएफ अत्रि परिसर का शिलान्यास और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ उज्जैन में 255 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक डेयरी प्लांट स्थापित करेगा। अमित शाह इसका वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। प्लांट की शुरूआत 3 लाख लीटर प्रतिदिन दूध प्रसंस्करण क्षमता से होगी, जिसे बढ़ाकर 5 लाख लीटर किया जा सकेगा। प्रोजेक्ट में राज्य सरकार 170 करोड़ देगी, जबकि 85 करोड़ दुग्ध संघ ऋण से जुटाएगा। इसे करीब दो साल में पूरा करने का लक्ष्य है। प्रस्तावित डेयरी प्लांट में दूध से कई मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार होंगे। यहां रोज 1.50 लाख लीटर पैक्ड मिल्क, 25 हजार लीटर दही और 10 हजार लीटर लस्सी-छाछ का उत्पादन किया जा सकेगा। इसके अलावा 10 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का घी प्लांट भी होगा। प्लांट से दूध के संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और मार्केटिंग की पूरी श्रृंखला मजबूत करने की योजना है। क्षमता बढ़ाने के लिए भी प्लांट में विस्तार की व्यवस्था रखी जाएगी।

अमित शाह 3 अक्टूबर को भेल दशहरा मैदान में राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली गोपालक दीदियों का सम्मान करेंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के स्वीकृति पत्र भी बांटे जाएंगे। उज्जैन में 16.80 करोड़ से बने फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट और भोपाल में 12.40 करोड़ से तैयार आधुनिक प्रयोगशाला का लोकार्पण होगा।

गोशालाओं को 101 करोड़ से ज्यादा की मदद

राज्य की पंजीकृत गोशालाओं में संरक्षित गोवंश के रखरखाव के लिए जुलाई-अगस्त 2026 की 101 करोड़ से अधिक अनुदान राशि डीबीटी के जरिए खातों में भेजी जाएगी। सरकार गोशालाओं में दर्ज हर गोवंश के लिए 40 प्रतिदिन की दर से सहायता देती है। यह राशि सीधे गोशाला संचालकों के खातों में पहुंचाई जाएगी। सम्मेलन में इस सहायता से जुड़ी प्रक्रिया और राशि का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में उज्जैन में स्थापित होने वाले मध्य प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के प्लांट का वर्चुअल भूमिपूजन भी होगा। कार्यक्रम में उज्जैन में स्थापित होने वाले मध्य प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के प्लांट का वर्चुअल भूमिपूजन भी होगा।

2 लाख से ज्यादा महिलाएं बनीं लखपति गोपालक दीदी



लखपति गोपालक दीदी योजना से प्रदेश की 2 लाख से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं। योजना में गाय-भैंसों में उच्च आनुवंशिक क्षमता वाले सीमन से कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा दिया जा रहा है। लक्ष्य बेहतर दुग्ध उत्पादन क्षमता वाले पशु तैयार करना है। सरकारी आकलन के मुताबिक F1 नस्ल की बछिया अपनी मां से करीब 2.5 से 3 गुना अधिक दूध दे सकती है। एक बछिया से एक लैक्टेशन में 50-60 हजार और पूरे जीवनकाल में 2.5-3 लाख अतिरिक्त आय का अनुमान है।

अमित शाह 3 अक्टूबर को भोपाल के भौंरी स्थित IIS एफपरिसर में प्रस्तावित क्कएफ भोपाल-अत्रि परिसर का शिलान्यास करेंगे। वे संस्थान परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी रहेंगे। प्रस्तावित परिसर में उन्नत अनुसंधान, नवाचार, शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े कामों पर फोकस रहेगा। IIS एफके नए परिसर के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन दी है। यहां क्वांटम विज्ञान, उन्नत पदार्थ, ड्रोन तकनीक, सतत प्रणालियों, चिकित्सा तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में काम की योजना है। परिसर में एकात्म पार्क भी विकसित किया गया है। इसमें स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित है। संस्थान के अनुसार पार्क विद्यार्थियों में प्रेरणा, चिंतन और सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

डॉक्टर बनने का मौका छोड़ा, ट्रेनों में गाकर पैसे कमाए

आयुष्मान खुराना आज बॉलीवुड के उन एक्टर्स में गिने जाते हैं, जिन्होंने अपनी अलग तरह की फिल्मों से इंडस्ट्री में पहचान बनाई। लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। चंडीगढ़ से निकले आयुष्मान ने थिएटर किया, रेडियो जॉकी बने, एमटीवी पर वीजे रहे और क इ ं ऑ डि शा ना दिए। उन्हें इं डि या ना आइडल-2 में भी रिजेक्शन मिला।



2012 में विक्की डोनर से फिल्मी करियर शुरू हुआ। पहली फिल्म हिट हुई। इसके बाद लगातार तीन फिल्में नहीं चलीं। फिर ह्यदम लगा के हईशा से करियर ने दोबारा रफ्तार पकड़ी। इसके बाद बरेली की बर्फी, शुभ मंगल सावधान, ह्यअंधाधुन, ह्यबधाई हो, आर्टिकल 15, ड्रीम गर्ल और ह्यबाला जैसी फिल्मों ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। आयुष्मान खुराना का जन्म 14 सितंबर 1984 को चंडीगढ़ में हुआ। उनकी शुरूआती पढ़ाई चंडीगढ़ के सेंट जॉन्स हाई स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने डीएवी कॉलेज, चंडीगढ़ से इंग्लिश लिटरेचर की पढ़ाई की और पंजाब यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन स्टडीज से पत्रकारिता में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। उनके पिता पी. खुराना जाने-माने ज्योतिषी थे, जबकि मां पूनम खुराना ने हिंदी में एमए किया था। परिवार का माहौल पढ़ाई, साहित्य और कला से जुड़ा रहा। आयुष्मान ने कॉलेज के दिनों में थिएटर किया और दो थिएटर ग्रुप भी बनाए।

रोडीज जीते, लेकिन तुरंत मुंबई नहीं आए

2004 में आयुष्मान ने एमटीवी रोडीज सीजन-2 जीता। इसके बाद उन्हें पहचान मिलने लगी, लेकिन उन्होंने तुरंत मुंबई जाकर फिल्मों में किस्मत नहीं आजमाई। पोस्ट ग्रेजुएशन के दौरान उन्होंने रेडियो में काम शुरू किया। बाद में वे एमटीवी के वीजे बने और कई शो होस्ट किए। फिल्मों में आने से पहले आयुष्मान ने अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान जैसे सितारों का इंटरव्यू भी लिया था। फिल्मफेयर को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि इन सितारों से बातचीत ने उन्हें समझने में मदद की कि स्टार भी आम इंसानों की तरह होते हैं।

दृश्यम 3 ने ओपनिंग डे पर बनाए रिकॉर्ड, वर्ल्डवाइड कमाई हुई 95 करोड़, पठान-एनिमल के रिकॉर्ड टूटे

अजय देवगन की सबसे बड़ी ओपनिंग



- अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 3: द कन्क्लूजन ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 66.75 करोड़ रुपए कमाए। यह अजय देवगन के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी यह फिल्म शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में अजय देवगन विजय सलगांवकर के रोल में लौटे हैं।
- सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने भारत में 15,759 शोज से 66.75 करोड़ रुपए नेट कमाए। इसका ग्रॉस कलेक्शन 80.10 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। विदेशों में फिल्म ने 15 करोड़ रुपए कमाए। इससे इसकी कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कमाई 95.10 करोड़ रुपए हो गई है।
- दृश्यम 3 इस साल किसी हिंदी फिल्म की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है। यह सिर्फ धुरंधर द रिवेंज से पीछे है। फिल्म ने रणवीर सिंह की धुरंधर की 30 करोड़ रुपए की ओपनिंग को पीछे छोड़ा। इसने शाहरुख खान की पठान की 57 करोड़ रुपए और रणबीर कपूर की एनिमल की 63 करोड़ रुपए की ओपनिंग भी पार कर ली।
- वर्ल्डवाइड कलेक्शन में फिल्म ने कल्कि की 95 करोड़ रुपए और सालार की 91 करोड़ रुपए की कमाई को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग में जबरदस्त डिमांड देखी गई थी। बुकिंग शुरू होने के सात दिनों में फिल्म ने भारत में 60.17 करोड़ रुपए ग्रॉस कमाए। इसमें ब्लॉक की गई सीटों की कमाई भी शामिल है। ब्लॉक सीटों को हटाकर एडवांस ग्रॉस कलेक्शन 49.29 करोड़ रुपए रहा। फिल्म ने 51,570 शोज में करीब 18.02 लाख टिकट बेचे।
- अजय देवगन के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्मों में दृश्यम 3: द कन्क्लूजन ने नया रिकॉर्ड बनाया है। फिल्म ने पहले दिन 66.75 करोड़ कमाई के साथ अजय देवगन की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की। इससे पहले यह रिकॉर्ड सिंघम अगेन के नाम था, जिसने पहले दिन ?43.50 करोड़ कमाए थे।

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा को रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर



एक्ट्रेस नुसरत भरूचा के बाली में हुए हादसे के बाद रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है। उन्हें एयर एंबुलेंस से बाली से मुंबई लाया गया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, नुसरत पहले बाली के अस्पताल में भर्ती थीं।

शुक्रवार को नुसरत की टीम की पब्लिसिस्ट संचिता त्रिवेदी ने बताया कि डॉक्टर आगे की जांच के बाद उनकी रीढ़ की सर्जरी करेंगे। टीम के मुताबिक, चोट और सर्जरी की वजह से नुसरत को आराम करने और ठीक होने में समय लगेगा। इसका असर आने वाले हफ्तों में उनकी काम से जुड़ी जिम्मेदारियों पर भी पड़ सकता है। टीम ने सभी से उनकी निजता का सम्मान करने और उन्हें इलाज पर ध्यान देने देने की अपील की है।

बता दें कि हादसे से करीब एक हफ्ते पहले नुसरत ने सोशल मीडिया पर छुट्टियों की कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। नुसरत के टाइगर श्रॉफ की अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होने की भी खबर है। यह टाइगर और नुसरत की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी। एक सूत्र ने पिंकविला को बताया, टीम को ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी, जो कहानी में मजबूती और भावनात्मक गहराई ला सके। नुसरत हमेशा सबसे मजबूत विकल्पों में थीं। फिल्म में पश्मीना रोशन, अभिषेक बनर्जी और एल्विश यादव भी अहम भूमिकाओं में हैं।

सलमान खान को देख अचानक पास पहुंचा फैन:एक्टर हुए हैरान




फिल्म ह्यप्रेम कीटाणुह्ल की स्क्रीनिंग गुरुवार को मुंबई में आयोजित हुई। स्क्रीनिंग में सलमान खान पहुंचे और वह फिल्म के लीड एक्टर वीर पहाड़िया के साथ नजर आए।

वहीं, इवेंट में जैकलीन फर्नांडिस, करण जौहर, सारा तेंदुलकर, जरीन खान और एल्विश यादव भी पहुंचे।

प्रेम कीटाणु एक हिंदी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें वीर पहाड़िया, आफिया सैयद और अपारशक्ति खुराना मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का रनटाइम करीब 2 घंटे 18 मिनट है। फिल्म की कहानी रोमांस और कॉमेडी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। ह्यप्रेम कीटाणुह्ल की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। स्क्रीनिंग में सलमान जब पहुंचे तो मीडिया और पैपराजी ने उन्हें रेड कार्पेट पर आकर तस्वीरें देने के लिए कहा। हालांकि, उसी समय मॉडल और एक्ट्रेस साक्षी मलिक कैमरों के सामने पोज दे रही थीं। सलमान ने तुरंत रेड कार्पेट पर पहुंचने के बजाय इंतजार किया। वह कुछ देर पीछे खड़े रहे और साक्षी मलिक को अपने पोज पूरे करने का मौका दिया। साक्षी मलिक के पोज देने के बाद सलमान रेड कार्पेट पर पहुंचे और पोज दिए। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर सलमान के इस व्यवहार की तारीफ हो रही है। स्क्रीनिंग के दौरान सलमान से जुड़ा एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें इवेंट से बाहर निकलते समय एक फैन अचानक एक्टर के काफी करीब पहुंच गया। उसने सलमान से गले मिलने की कोशिश की। अचानक फैन को पास आता देख सलमान कुछ पल के लिए असहज नजर आए। इसके बाद उनके सुरक्षा गार्ड ने तुरंत बीच में आकर फैन को सलमान से दूर किया।

गौरतलब है कि सलमान की सिक्योरिटी अलर्ट मोड में रहती है। लॉरेंस गैंग से मिली धमकियों और उनके घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई थी। सलमान खान को वाई-प्लस कैटेगरी की सरकारी सुरक्षा मिली हुई। इस सुरक्षा घेरे में करीब 11 से 12 पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। इनमें विशेष रूप से प्रशिक्षित कमांडो भी शामिल होते हैं। सलमान के सफर के दौरान पुलिस की गाड़ियां उनकी कार को एस्कॉर्ट करती हैं। इसके अलावा, एक्टर की निजी सुरक्षा टीम भी उनके साथ रहती है।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ




जोक्स

एक 88 साल के बुजुर्ग को
फोन आया– सर हम बैंक से बोल रहे हैं,
म्यूचुअल फंड ले लो, साल में भाव डबल हो जाएंगे।
बुजुर्ग: बेटा, मैं उम्र के उस
मोड़ पर हूँ जो केले
भी कच्चे नहीं खरीदता।

टीचर: बताओ तुम्हारा
होमवर्क कहां है
पप्पू: मैडम फेसबुक
पर चेक करिए,
मैंने स्क्रीनशॉट अपलोड कर दिए हैं
और आपको टैग भी कर दिया है।

वर्ग पहेली






बाएं से दाएं

1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. श्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

ऊपर से नीचे

1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

माथा पच्ची



संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

शब्दों का जाल



शब्दजाल में जॉन अब्राहम की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.


बाबुल, काबुल एक्सप्रेस, जिन्दा, गरम मसाला, काल, कर्म, एतबार, साया, पाप, जिस्म.

अष्टयोग

7	5	6		4		1
	42		33	1	23	
1				3		2
2	25	3	34	7	39	6
		4			5	
	24	1	33		35	4
4	3		7	6	1	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल



अष्टयोग का हल

1	2	3	4	5	6	7
6	22	1	30	2	38	4
2	3	4	5	6	7	1
7	30	2	38	3	33	6
3	4	5	6	7	1	2
5	39	7	43	4	25	5
4	5	6	7	1	2	3

शब्दजाल का हल



सूडोकु नवताल

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

तमिलनाडु- हाईवे बोर्ड पर हिंदी लिखने पर 2 अधिकारी सस्पेंड



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तूतीकोरिन

तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को नेशनल हाईवे साइनबोर्ड पर हिंदी लिखने के मामले में दो असिस्टेंट इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया। मामला तूतीकोरिन के सत्तानकुलम-नाजरेथ स्टेट हाईवे का है, जहां नए साइनबोर्ड पर तमिल और अंग्रेजी के साथ कस्बों के नाम हिंदी में भी लिखे गए थे।

तमिलनाडु सरकार के मुताबिक यह राज्य की दो-भाषा नीति का उल्लंघन है। हिंदी हटाने के साथ दोनों अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

2026 में हिंदी में लिखे नाम मिटाने का तीसरा मामला है। इससे पहले मार्च में तिरुचिरापल्ली डिविजनल रेलवे ऑफिस के नए भवन के एंट्री गेट पर लिखा कर्तव्य द्वार मिटाया गया था। मार्च में ही सिंगानल्लूर रेलवे स्टेशन पर हिंदी में लिखे सिंगानल्लूर को द्रविड़ियन दलों के कार्यकर्ताओं ने काला कर दिया था। तमिल-अंग्रेजी के इस्तेमाल का नियम- तमिलनाडु में लंबे समय से टू-लैंग्वेज फॉमूर्ला पॉलिसी लागू है। इसके तहत सरकारी कामकाज और शिक्षा में तमिल और अंग्रेजी का इस्तेमाल होता है। राज्य सरकार हिंदी को शामिल करने वाली थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी का विरोध करती रही है।

1965 में बना कानून- तमिलनाडु की भाषा नीति का आधार 1956 का तमिलनाडु आधिकारिक भाषा अधिनियम है, जिसमें तमिल को राज्य की आधिकारिक भाषा बनाया गया। इतिहास- 1965 के हिंदी-विरोधी आंदोलन के बाद 1968 में तत्कालीन मद्रास विधानसभा ने तीन-भाषा फॉमूर्ला खारिज कर तमिल और अंग्रेजी को प्राथमिकता देने का फैसला किया। नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे के नियमों में अंतर हो सकता है। राज्य अपने अधिकार क्षेत्र की सड़कों के लिए अपनी भाषा नीति लागू कर सकता है। इसके अलावा कई राज्यों में दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साइनबोर्ड के लिए स्थानीय भाषा के नियम हैं। जैसे पंजाब में पंजाबी और कर्नाटक में कन्नड़ के इस्तेमाल को स्थानीय कानूनों के तहत जरूरी किया गया है। इसका उद्देश्य स्थानीय भाषा के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है।

होर्मुज में जहाज पर मिसाइल हमला, 5 भारतीय सवार थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट में शुक्रवार को एक जहाज पर मिसाइल हमला हुआ। इस जहाज में 5 भारतीय सवार थे। ओमान में भारतीय दूतावास ने शनिवार को बताया कि पांचों भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। ये नाविक कुवैत के झंडे वाले टैंकर एमटी काजिमाह क्रूड पर सवार थे। यह कच्चे तेल से भरा था और अफ्रीका की ओर जा रहा था। हालांकि, यह हमला किसने किया, यह अभी जानकारी तक सामने नहीं आई। फरवरी से अब तक होर्मुज में हमलो में 100 से ज्यादा भारतीय नाविक प्रभावित हो चुके हैं। वहीं, इन हमलों में 11 भारतीय नाविकों की जान गई।

खाड़ी क्षेत्र में जहाजों पर 4500 भारतीय नाविक

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इससे पहले मंगलवार को बताया था कि इस क्षेत्र में चल रहे व्यावसायिक जहाजों पर 4500 से ज्यादा भारतीय नाविक सवार हैं। जायसवाल के मुताबिक, इस समय फारस की खाड़ी में भारत के झंडे वाले 6 कमर्शियल जहाज हैं। इसके अलावा 6 विदेशी झंडे वाले जहाज भी हैं, जो भारत के लिए सामान लेकर जा रहे हैं। इन 12 जहाजों पर करीब 163 भारतीय नाविक सवार हैं।

जायसवाल के मुताबिक, भारत का शिपिंग मंत्रालय इन जहाजों की आवाजाही पर नजर रख रहा है। भारतीय दूतावासों और स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर नाविकों की सुरक्षा और उनकी स्थिति की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर भारतीय दूतावास नाविकों की सुरक्षा और भलाई के लिए जरूरी कदम उठाते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में काम कर रहे भारतीय नाविकों की सुरक्षा और उनकी भलाई भारत की प्राथमिकता है।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में नाविकों की सुरक्षा पर चिंता जताई थी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा की 81वीं बैठक में व्यावसायिक जहाजों और नाविकों पर हमलों को लेकर चिंता जताई थी। जयशंकर ने कहा था, समुद्र में नए खतरे पहले से मौजूद जमीन से जुड़े संकटों को और बढ़ा रहे हैं। भारतीय नाविकों के साथ दूसरे देशों के नाविकों की भी जान गई है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। जयशंकर ने खाड़ी क्षेत्र में तुरंत तनाव कम करने और संयम बरतने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि इससे आम लोगों के लिए काम कर रहे जहाजों के क्रू की सुरक्षा बनी रहेगी और ऊर्जा की सप्लाई के साथ-साथ दुनिया का व्यापार भी बिना रुकावट चलता रहेगा।

धर्म और राष्ट्र अलग-अलग नहीं, दोनों एक-दूसरे पर निर्भर

भागवत बोले- धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में मदद करता है। धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा।

मोहन भागवत ने कहा, हमारा राष्ट्र और धर्म अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखता है। दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। अगर एक मौजूद है, तो दूसरा भी मौजूद है। अगर एक नहीं है, तो दूसरा भी नहीं है। भागवत ने मुंबई में ऑल इंडिया विहार सेवा ग्रुप के 14वें सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया विकास और पर्यावरण सुरक्षा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन खोज रही है।

भारत से ही हर समस्या का समाधानः भारत ने दूसरे देशों पर कब्जा करने या लोगों का धर्म बदलने की कोशिश किए बिना अपना ज्ञान दुनिया से साझा किया। दुनिया जानती है कि रास्ता भारत से निकलेगा।

भारत के पास विशाल ज्ञान परंपराः भारत के पास वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और गीता जैसी विशाल ज्ञान परंपरा है। इसमें जैन आगम, त्रिपिटक, गुरु ग्रंथ साहिब और संतों की



शिक्षाएं भी शामिल हैं। भक्ति की शक्ति से ईश्वर के करीब पहुंच सकतेः हमारे देश के पास ज्ञान का बहुत बड़ा खजाना है, जिसकी आज दुनिया को जरूरत है। भक्ति की शक्ति से ईश्वर के करीब पहुंचा जा सकता है। इस ज्ञान को आगे बढ़ाने वाले लोगों के जीवन और परंपराओं को बचाना सिर्फ धार्मिक जिम्मेदारी नहीं है। यह मानवता की सेवा भी है आप सिर्फ एक जीवन की रक्षा नहीं कर रहे हैं। आप पूरी मानव जाति के सुरक्षित भविष्य की रक्षा कर रहे हैं। इसके बाद शाम को उन्होंने मुंबई के प्रभादेवी स्थित रवींद्र नाट्य मंदिर में 'ज्ञानरंग : ज्ञानेश्वरी' मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया।

हमें बताइए आपकी विशेषता क्या है....

यह कार्यक्रम संत ज्ञानेश्वर महाराज के 750वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था इस दौरान उन्होंने कहा- जब जेन-जी विदेश जाते हैं, तो लोग उनसे पूछते हैं। भले ही आप कई मायनों में हमारे जैसे दिखते हों, फिर भी आप हमारे नहीं हैं। आपकी जड़ें कहीं और हैं। हमें बताइए आपकी विशेषता क्या है। हमें बताइए आपकी पहचान क्या है? हमारी भाषा एक नहीं है। पूजा-पाठ के तरीके एक नहीं हैं। राज्य एक नहीं हैं। हजारों जातियां और उपजातियां हैं। भारत के रूप में हमारी पहचान क्या है? विश्व में हमारी पहचान भारत के रूप में है। यहां महाराष्ट्र में हम कहते हैं कि हम नागपुर से हैं और आप मुंबई से हैं। जब हम उत्तर प्रदेश जाते हैं, तो हम सब महाराष्ट्रीयन बन जाते हैं। और जब महाराष्ट्रीयन और उत्तर प्रदेश के लोग अमेरिका जाते हैं, तो वहां हम भारतीय बन जाते हैं।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर प्रयागराज में केस

तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य के खिलाफ प्रयागराज कोर्ट में केस चलेगा। रामभद्राचार्य के एक बयान के खिलाफ कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। बयान में जगद्गुरु ने कहा था- ऊंच कुल के ब्राह्मण अपनी बेटियां उपाध्याय, चौबे, त्रिगुणायत, दीक्षित और पाठकों को नहीं देते, क्योंकि हम इन्हें अधम मानतें हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि रामभद्राचार्य की लोग पूजा करते हैं। वृंदावन में भागवत कथा के दौरान दिए उनके बयान के बाद उपाध्याय समाज को लोग बुरी नजर से देखने लगे। लड़के-लड़कियों की शादी में रुकावट आने लगी है। रामभद्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। प्रयागराज जिला अदालत ने गुरुवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य को नोटिस जारी कर 12 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा। याचिकाकर्ता के मुताबिक, 3 फरवरी 2024 को वृंदावन में भागवत कथा के दौरान रामभद्राचार्य ने उपाध्याय समाज पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा था, ह्लजो नीच ब्राह्मणोंह्व.अधम ब्राह्मणों की चर्चा चलाई गई। हमारे यहां कुछ ब्राह्मण अच्छे नहीं माने जाते हैं। उनके यहां ऊंचे कुल के लोग अपनी बेटी नहीं देते हैं।

पूर्वोत्तर राज्यों में 7 दिनों तक बारिश का अलर्ट

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में 12 से ज्यादा गांव डूबे, बिहार के 6 जिलों में बाढ़...



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में में अगले सात दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, केरल, लक्षद्वीप और तमिलनाडु में 40-50 किमी प्रति घंटे की तेज हवाएं चल सकती हैं।

यूपी के उन्नाव में सई नदी का पानी 12 से ज्यादा गांवों में घुस गया है। हजारों बीघे धान की फसल डूब गई। वहीं, कुशीनगर में गंडक नदी का कटाव जारी है। 48 घंटे में 6 रिहायशी झोपड़ियां और 2 पक्के मकान नदी में समा चुके हैं। नेपाल से आए भारी पानी और कमजोर तटबंधों के टूटने से बिहार में कई जगह बाढ़ के हालात हैं। इनमें 6 जिले बुरी तरह प्रभावित हैं।

बाउंसरों पर आरोप, वीडियो में दो महिलाएं लात मारती दिखीं

गुवाहाटी के नाइटक्लब में महिला से बदसलूकी, कपड़े उतारकर पीटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुवाहाटी

असम के गुवाहाटी के खानापारा इलाके के एक नाइटक्लब में गुरुवार देर रात महिला से मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया। आरोप है कि बाउंसरों ने महिला को कपड़े उतारकर पीटा। मामला द लोकल्स कैफे एंड लाउंज का है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें महिला पार्किंग एरिया में फर्श पर बिना कपड़ों के दिखाई देती है। दो महिलाएं उसे लात मारती नजर आती हैं, जबकि कई पुरुष आसपास खड़े हैं। पुलिस ने क्लब मैनेजर को हिरासत में लिया है।

इंडिया टूडे की रिपोर्ट के मुताबिक, बिल्डिंग के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि महिला अपने कुछ दोस्तों के साथ क्लब पहुंची थी। क्लब के अंदर उसने एक बाउंसर को बीयर की बोतल से मारा था।

इसके बाद दूसरे बाउंसर उसे पकड़कर चौथी मंजिल से नीचे पार्किंग एरिया में ले आए। हालांकि, विवाद की शुरूआत क्यों और कैसे हुई, इसका पता नहीं चल सका है। गार्ड के मुताबिक, पार्किंग में लाने के बाद बाउंसरों ने महिला के साथ मारपीट की। उसके शरीर के ऊपर के कपड़े भी उतार दिए।

एक शख्स महिला को गोद में उठाते दिखा

वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो भी बनाया। वीडियो में महिला फर्श पर पड़ी दिखाई देती है। उसके ऊपरी शरीर पर कपड़े नहीं थे, जबकि नीचे काली पैंट पहनी हुई थी। दो महिलाएं उसे लात मारती नजर आती हैं।

एक अन्य वीडियो में एक पुरुष महिला को गोद में उठाने की कोशिश करता दिखाई देता है। इसके बाद एक कार सामने आ जाती है, जिससे कुछ देर के लिए कैमरे का दृश्य छिप जाता है। इसके बाद महिला वहां दिखाई नहीं देती, जबकि कुछ पुरुष आपस में बातचीत करते नजर आते हैं।

ईस्ट गुवाहाटी के डीसीपी तबु राम पेगू के मुताबिक, पुलिस ने क्लब मैनेजर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पीड़ित महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है। डीसीपी ने कहा कि महिला की शिकायत नहीं मिलने पर पुलिस खुद मामले में केस दर्ज कर सकती है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद मीडियाकर्मी क्लब पहुंचे तो वह बंद मिला।

हैदराबाद के मंदिर में मूर्ति तोड़ने की कोशिश, आरोपी ने हमला किया

मंदिर में लगे सीसीटीवी में यह घटना रिकॉर्ड हो गई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

हैदराबाद के दिलसुखनगर बस डिपो के पास शुक्रवार को एक व्यक्ति ने मंदिर में पुजारी पर हमला किया। उसने देवी की मूर्ति पर भी डंडे मारे। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें यह व्यक्ति संतोषी माता मंदिर के गर्भगृह में घुसकर मूर्ति पर डंडे फेंकता हुआ दिखाई दे रहा है।

उस समय मंदिर के पुजारी और कुछ भक्त पूजा-अर्चना कर रहे थे। मंदिर में मौजूद लोगों ने तुरंत आरोपी को पकड़ लिया। लोगों ने आरोपी की पिटाई की, फिर उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपी की मानसिक स्थिति की जांच भी करा रही है। आरोपी ने हमला क्यों किया, इसकी वजह अभी साफ नहीं हुई है। भारत में भारतीय न्याय संहिता, 2023 (इठर) लागू है, इसके अध्याय श्कमें धर्म से जुड़े अपराधों के लिए सजा का



प्रावधान है। धारा 298 के मुताबिक यदि कोई व्यक्ति किसी भी धार्मिक पूजा स्थल (जैसे मंदिर) को नष्ट, क्षतिग्रस्त या अपवित्र करता है। किसी धार्मिक पवित्र वस्तु (जैसे मूर्ति/प्रतिमा) को नुकसान पहुंचाता है। ऐसा करने के पीछे उसका उद्देश्य किसी धर्म का अपमान करना है, तो उसे दो साल की जेल, जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है।

इस घटना पर तेलंगाना के भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मंदिरों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए।

तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन रामचंदर राव ने भी सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि धार्मिक मुद्दों पर सरकार के रवैये से ऐसा माहौल बना, जिसमें इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं। रामचंदर राव ने धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा तय करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की बताई। उन्होंने जवाबदेही तय करने की मांग की।

राजा सिंह ने निष्पक्ष जांच की मांग की

गोशामहल विधायक टी राजा सिंह ने निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि आरोपी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से राज्य में हिंदू मंदिरों और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुरक्षा पर भी सवाल किया।

विधायक परगट सिंह पंजाब कांग्रेस के नए प्रधान बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जालंधर

कांग्रेस ने जालंधर कैंट से विधायक परगट सिंह को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ढढउउ) का अध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा यूपी में आराधना मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। दोनों राज्यों में 2027 में चुनाव होने हैं।

इससे पहले शुक्रवार को ही सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग दिल्ली में राहुल गांधी को प्रदेश अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा सौंपा था। राहुल से दिल्ली में उनके घर 10 जनपथ में मुलाकात करके इस्तीफा दिया। राजा वड़िंग ने पंजाब प्रभारी सचिन पायलट पर गंभीर आरोप लगाए थे। वड़िंग ने कहा था कि सचिन पायलट मुझे हटाना चाहते हैं। मैं सिर्फ एक बार सचिन पायलट से मिला हूं। दिल्ली में मैंने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी थी। परगट सिंह का जन्म 5 मार्च 1965 को जालंधर के मिठापुर में हुआ। वह भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान रहे हैं। उन्होंने 1992 और 1996 के ओलंपिक में भारतीय टीम की कप्तानी की।

मुंबई की मीठी नदी सफाई घोटाले से जुड़ा मामला;

एक्टर मोरिया से 6 घंटे पूछताछ, 65 करोड़ के गबन का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने शुक्रवार को बॉलीवुड एक्टर डिनो मोरिया से मीठी नदी सफाई घोटाले के सिलसिले में छह घंटे तक पूछताछ की। EOW के एक अधिकारी के अनुसार, पूछताछ के बाद अभिनेता को जाने दिया गया। जरूरत पड़ने पर उन्हें फिर से बुलाया जा सकता है। मामला मीठी नदी डीसिल्टिंग (गाद निकालना) घोटाले का है। दावा है कि राज्य में नदियों की सफाई के नाम पर हुए 65 करोड़ रुपए का गबन हुआ।

इस जांच में मोरिया का नाम इसलिए आया क्योंकि उन पर उन कॉन्ट्रैक्टर्स और अधिकारियों से जुड़े होने का आरोप है, जिन लोगों ने मुंबई में बाढ़ से बचाव और ड्रेनेज सिस्टम के रखरखाव के लिए दिए गए



सरकारी फंड में हेराफेरी की थी।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब डीनो, दिशा सालियन की मौत के मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। 2025 में भी EOW ने मुंबई और कोच्चि में 15 जगहों पर छापेमारी की, जिसमें मोरिया का घर भी शामिल था। इन छापों में उन लोगों और संगठनों को निशाना बनाया गया जो जांच के दायरे में आए कॉन्ट्रैक्टर्स और अधिकारियों से जुड़े थे। जांच में सामने आया कि आरोपी केतन कदम और जय जोशी ने मैटप्रॉप कंपनी के अधिकारियों और बीएमसी के स्टॉर्म वॉटर ड्रेन्स विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके घोटाला किया।

जब घोटाले के मुख्य आरोपी केतन कदम के कॉल रिकॉर्ड्स की जांच हुई तो इसमें एक्टर डिनो मोरिया और उनके भाई का नाम सामने आया। दोनों ने कई मौकों पर केतन कदम से

क्या था मीठी नदी डीसिल्टिंग प्रोजेक्ट

मीठी नदी से गाद निकालने यानी डीसिल्टिंग प्रोजेक्ट की शुरूआत 2005 में मुंबई में आई बाढ़ के बाद बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (इटउ) और दूसरी सिविक एजेंसियों ने की थी। इस प्रोजेक्ट का मकसद मलबे को हटाकर और नदी के तल का रखरखाव करके बाढ़ मैनेजमेंट को बेहतर बनाना था। बाद की जांच में डीसिल्टिंग के बताए गए काम और असल में किए गए काम के बीच अंतर मिला, जिससे प्रोजेक्ट के फंड के इस्तेमाल पर शक पैदा हुआ। मई 2025 की पहली ह्लफ्रमें 13 लोगों को आरोपी बनाया गया, जिनमें 3 इटउ अधिकारी, ठेकेदार, बिचौलिए और निजी कंपनी के अधिकारी शामिल हैं।



■ वर्ष-12 अंक-330 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन शलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः।।

भावार्थ : जिसने ज्ञानांजनरुप शलाका से, अज्ञानरुप अंधकार से अंध हुए लोगों की आँखें खोली, उन गुरु को नमस्कार।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 03 अक्टूबर, 2026

यः समः सर्वभूतेषु विरागी गतमत्सरः।
जितेन्द्रियः शुचिर्दक्षः सदाचार समन्वितः।।

भावार्थ : गुरु सब प्राणियों के प्रति वीतराग और मत्सर से रहित होते हैं। वे जीतेन्द्रिय, पवित्र, दक्ष और सदाचारी होते हैं।

सम्पादकीयम्

सवैधानिक अधिकार

दिल्लीपुलिसः शपथपत्रे उद्धृतानां बिन्दूनां मध्ये एकं महत्त्वपूर्णं अवलोकनं अस्ति यत आपराधिक-अभिलेखयुक्ताः व्यक्तिः विरोध-प्रदर्शने घुसपैठं कृतवन्तः। तथापि अतिरिक्त-आरोपाणां अन्वेषणं अत्यावश्यकम्, यतः एषः विषयः सामान्यनागरिकाणां संवैधानिक-अधिकारस्य विषये वर्तते। संविधानस्य अनुच्छेदः १९(१)(क) नागरिकेभ्यः वाक्-अभिव्यक्ति-स्वतन्त्रतां ददाति। सर्वोच्चन्यायालयेन पूर्वेषु अनेकेषु निर्णयेषु स्पष्टीकृतं यत् शान्तिपूर्णविरोधाः लोकतन्त्रस्य अत्यावश्यकः भागः अस्ति। यदि जनसमूहः सर्वकारीयनीतिषु, तस्य कार्यप्रणालीषु, अन्येषु वा विषयेषु असन्तुष्टिं धारयति तर्हि विरोधद्वारा स्वविचारं प्रकटयितुं तेषां अधिकारः अस्ति विधिस्य व्याप्तिः। यद्यपि एते अधिकाराः निरपेक्षाः न सन्ति-तथा च लोकव्यवस्थायाः सुरक्षायाश्च हिताय उचितप्रतिबन्धाः आरोपिताः भवेयुः- एतादृशाः उपायाः स्पष्टकारणैः समर्थिताः समुचितप्रक्रियायाः अनुसरणं च भवितुमर्हन्ति। यदि विधिव्यवस्थायाः विषयः उत्पद्यते तर्हि संकल्पः अपि कानूनीरूपरेखायाः अन्तः एव तिष्ठति। प्रशासनस्य दायित्वं विरोधं वा आन्दोलनं वा बाधितुं न भवति, अपितु व्यवस्थितरूपेण तस्य संचालनं सुनिश्चितं कर्तुं भवति। असहमतिः अपि अत्यावश्यकी अस्ति। महिला आन्दोलनकारिणां लक्ष्यीकरणसम्बद्धानां आरोपानाम् अपि समितिः अन्वेषणं करिष्यति इति महत्त्वपूर्णम्। एषः विषयः स्त्रियाः गौरवस्य, गौरवस्य च विषयः अस्ति। विरोधेषु ये केचन भिडियाः उद्धृताः ते विक्षोभजनकाः सन्ति, तस्य तलपर्यन्तं गन्तुं च महत्त्वपूर्णम् अस्ति।

पितृदोष वास्तुयोः सम्बन्धः दक्षिणपश्चिमदिशा किमर्थं महत्त्वपूर्णा इति मन्यते

पितृपक्षस्य आगमनेन परिवार-पूर्वजानां तत्सम्बद्धानां धार्मिकपरम्पराणां च विषये चर्चाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पितृपक्षस्य आगमनेन परिवार-पूर्वजानां, तत्सम्बद्धानां धार्मिकपरम्पराणां च विषये चर्चाः तीव्राः भवन्ति। अस्मिन् सन्दर्भे पुनरावर्तनीयः प्रश्नः अस्ति यत् किं पीढयः पारं कुटुम्बे स्थापिताः क्लेशाः गृहस्य वास्तुना सह सम्बद्धाः भवितुम् अर्हन्ति वा इति। वास्तुशास्त्रसिद्धान्तानुसारं नैरुत्यकोण–अथवा नैऋत्यदिशा–गृहस्य स्थिरतायाः, वजनस्य, नियन्त्रणस्य, दीर्घायुषः, परिवारस्य वरिष्ठसदस्यानां च सह सम्बद्धा अस्ति तस्य विपरीतम् ज्योतिषपरम्पराः पितृदोषं पूर्वजैः, वंशैः, कर्म (कर्मभिः) च सम्बद्धेन आध्यात्मिकचक्षुषा पश्यन्ति। परन्तु एताः अवधारणाः वैज्ञानिकरूपेण सिद्धाः कारण-कारण-सम्बन्धाः इति न स्थापिताः; धार्मिकज्योतिषवास्तुसम्बद्धप्रत्ययानां परिधिमध्ये तान् अवगन्तुं युक्तम्। अतः एकां निरन्तरपारिवारिकसमस्यां केवलं वास्तुं वा पितृदोषं वा आरोपयितुं न अपि तु सामाजिक-आर्थिक-व्यवहारिक-पारिवारिक-परिस्थितिषु अपि विचारः अत्यावश्यकः।

नैऋत्यदिशा (नैरुत्य कोन) किमर्थं महत्त्वपूर्णा इति मन्यते वास्तुशास्त्रे गृहस्य प्रत्येकं दिशं विशिष्टशक्तयः कार्याणि च सम्बद्धाः भवन्ति। नैऋत्यदिशा अथवा नैरुत्यकोण तुल्यकालिकरूपेण गुरुः स्थिरः च क्षेत्रः इति गण्यते। वास्तुप्रत्ययानां अनुसारम् अस्मिन् दिशि स्थिरतायाः, भारस्य, नियन्त्रणस्य च सन्तुलनं परिवारस्य समग्रकल्याणेन, संरचनायाः च सह सम्बद्धम् अस्ति। वास्तुविशेषज्ञानाम् पारम्परिकव्याख्यासु सूचितं यत् अस्मिन् क्षेत्रे अत्यधिकं शून्यता, संरचनात्मककटनं, असन्तुलनं वा गृहस्य स्थिरतां प्रभावितं कर्तुं शक्नोति। केचन विश्वासाः एतां दिशां परिवारस्य वरिष्ठसदस्यैः, निर्णयक्षमताभिः, आर्थिकस्थिरतायाः च सह अपि सम्बध्दयन्ति।

अत एव पितृपक्षे नैऋत्यदिशा विषये चर्चाः, पूर्वजसम्बद्धाः वास्तुसंकल्पनाः च प्रमुखतां प्राप्नुवन्ति। पीढिभिः स्थायि समस्याः कथं द्रष्टव्याः अनेककुटुम्बेषु कदाचित् एतादृशाः परिस्थितयः उत्पद्यन्ते यत्र विषयाणां स्वरूपं एकस्मात् पीढीतः परं पीढीं यावत् समानं तिष्ठति। केचन जनाः आर्थिकदुःखं, पारिवारिकविवादः, सम्पत्तिविवादः, व्यापारिक-अस्थिरता, अथवा बालकानां विषये चिन्ता इत्यादीनां परिस्थितीनां कारणं पितृदोष (पैतृक-दुःखम्) अथवा वास्तु-असन्तुलनं वदन्ति

परन्तु यदि कुटुम्बस्य अन्तः एतादृशाः परिस्थितयः उत्पद्यन्ते तर्हि केवलं आध्यात्मिककारणानां आरोपणं अपर्याप्तम्। परिवारस्य आर्थिकस्थितिः, पारस्परिकसम्बन्धाः, निर्णयशैल्याः, सम्पत्तिवितरणं, शिक्षा, रोजगारः, सामाजिकवातावरणं, पीढीगतव्यवहारप्रतिमानं च इत्यादीनां कारकानाम् अपि विचारः अत्यावश्यकः अस्ति अत्रैव वास्तुसम्बद्धानां प्रत्ययानां, पैतृकप्रभावानाञ्च विचारे सन्तुलितदृष्टिकोणस्य आवश्यकता भवति। पितृदोष वास्तुदोषयोः कानि प्रतीयमानानि सादृश्यानि? पारम्परिकज्योतिष-वास्तु-प्रत्ययेषु तयोः विशिष्टक्षेत्रत्वेन गण्यते। वास्तु मुख्यतया कस्यचित् भवनस्य तस्य स्थानिकविन्यासस्य च सम्बन्धः अस्ति, यदा तु पितृदोषस्य अवधारणा जन्मपत्रिकायाः (कुण्डली), पूर्वजानां, कर्म सम्बद्धानां धार्मिकाणां विश्वासानां च सह सम्बद्धा अस्ति तथापि तयोः मध्ये सन्तुलनस्य अवधारणा सामान्यसूत्रत्वेन दृश्यते।

वास्तुपदार्थेषु भवनस्य समतायाः दृष्ट्या एतत् अवगम्यते, यदा तु पैतृकप्रत्ययानां सन्दर्भे परिवारस्य, वंशस्य, पूर्वजानां च प्रति कर्तव्यबोधेन सह सम्बद्धम् अस्ति अतः तान् समानसमस्यारूपेण समानकारणात् उद्भूताः वा पश्यितुं न अपि तु तेषां विशिष्टधर्मसंकल्पनारूपेण अवगन्तुं अधिकं युक्तम्। राहु एवं सूर्य-शनि-सम्बन्ध सम्बन्धी ज्योतिष-प्रत्यय ज्योतिषपरम्परा पितृदोष सम्बन्धे भिन्नमतानि प्रददति। केचन ज्योतिषविद्यालयाः पितृदोष जन्मपत्रिकायाः विशिष्टगृहेषु राहुस्य स्थापनेन अथवा राहुस्य शनिस्य वा सूर्येण सह सम्बन्धेन सह सम्बध्दयन्ति।

संग्रहणस्य दायित्वं

न्यस्तं भवति अधुना स्वामीत्वयोजना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

संग्रहणस्य दायित्वं न्यस्तं भवति अधुना स्वामीत्वयोजना (स्वामित्वयोजनायाः) अन्तर्गतं तेषां भूमिकायाः विस्तारः भवति, अतः दस्तावेजनिर्माणस्य प्रक्रिया प्रत्यक्षतया क्षेत्रस्तरस्य निष्पादिता भविष्यति। पटवारी संघ ने अधिकार एवं उत्तरदायित्व के सम्बन्ध में प्रश्न उभारे प्रान्तीयपटवारीसङ्घः सर्वकारस्य आदेशस्य विषये उच्चन्यायालयस्य समीपं गतः आसीत्। संघेन पटवारीभ्यः एतादृशानां महत्त्वपूर्णदायित्वस्य नियुक्तिं अधिकृत्य स्पष्टवैधानिक प्रशासनिकप्रावधानानाम् अस्तित्वं प्रश्नं कृतम्। संघस्य तर्कः आसीत् यत् सम्पत्तिअधिकारसम्बद्धकार्यस्य दूरगामी प्रभावः भवति तथा च एतादृशविषयेषु सक्षमराजस्वाधिकारिणां भूमिकाः पूर्वमेव परिभाषिताः सन्ति। अतः पटवारीभ्यः एतादृशानि उत्तरदायित्वं नियुक्तस्य कानूनी वैधतायाः परीक्षणस्य आवश्यकता आसीत्- प्रभावितरूपेण तेषां कार्यकारीपदाधिकारिणः करणस्य। याचिकायां आशङ्का अपि प्रकटिता यत् यदि तेषां निर्मितसम्पत्ति स्वामित्वदस्तावेजानां विषये विवादः उत्पद्यते तर्हि भविष्ये सम्बद्धानां पटवारीणां कानूनीप्रक्रियायाः सामना कर्तुं शक्यते। सरकारी तर्कितवान् संघस्य आदेशं चुनौतीं दातुं स्थायित्वस्य अभावः सुनवाई दौरान राज्यसर्वकारस्य प्रतिनिधित्वेन अपर महाधिवक्ता हरप्रीतरूपरा, सरकारी अधिवक्ता प्रभांशु शुक्ला च।

भ्रष्टाचारस्य आरोपाः समय सीमायाः नकारं न कुर्वन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

भ्रष्टाचारस्य आरोपानाम् गम्भीरताम् अवलोक्य सर्वकारपक्षः विलम्बस्य क्षमायाचनां कृतवान् आसीत्। परन्तु न्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् आरोपस्य गम्भीरता स्वयमेव वैधानिकसमयसीमानां अवहेलनस्य आधारं न भवति। यद्यपि भ्रष्टाचारस्य आरोपाः निःसंदेहं गम्भीराः प्रकृतयः सन्ति तथापि प्रकरणस्य गम्भीरता, अपीलस्य वैधानिकसमयसीमा च द्वौ विशिष्टौ विषयौ स्तः राज्येन निर्धारितसमयान्तरे आवश्यकानि कानूनीपदानि ग्रहीतव्यानि सन्ति। न्यायालयस्य मते प्रशासनिकप्रक्रियासु विलम्बस्य परिणामाः अभियुक्तानां उपरि द्रष्टुं न शक्यन्ते येषां विवेचनानन्तरं।

राशिफल

मेष : आपका कैरेक्टर ही आपकी सबसे बड़ी उपलब्धी है। तनाव को प्रभावी ढंग से मैनेज करते हुए अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

वृषभ : फाइनेंशियल सिचुएशन पर असर पड़ेगा। किसी को उधार देने से पहले अपनी स्थिति जरूर देखें।

मिथुन : आज का आपका दिन मिले-जुले परिणाम लेकर आया है। लाइफ पार्टनर के साथ थोड़ी बहुत अनबन हो सकती है।

कर्क : स्ट्रेस फ्री रहने के लिए मेडिटेशन ट्राई करें। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। परिवार के बड़े सदस्य का सहयोग मिलेगा।

सिंह : स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही न करें। खर्च करते वक्त आपको सावधानी बरतनी जरूरी है।

कन्या : बाहर का खाना खाने से बचें। वहीं, लाइफ में रोमांस भी बना रहेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

तुला : ज्यादा तनाव न लें और काम का प्रेशर घर पर न लाएं। जंक फूड्स का ज्यादा सेवन न करें।

वृश्चिक : आपको पैसों के मामले में लाभ हो सकता है। कुछ की जिम्मेदारी बढ़ेगी। खर्चों पर नजर रखें। साथी से खुलकर बात करें।

धनु : आज का आपका दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। खर्च करते समय भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखें।

मकर : कोई नया प्रोजेक्ट हाथ लग सकता है, जिससे धन लाभ भी होगा। परिवार में किसी सदस्य की चिंता परेशान कर सकती है।


कुंभ : कुछ जरूरी जिम्मेदारियां भी मिलेंगी। आज पॉजिटिव रहने की सलाह दी जाती है। धन लाभ के योग बन रहे हैं।

मीन : सेहत का ध्यान रखना आवश्यक है। आज का आपका दिन शानदार रहेगा। पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

महिला-पुरुष क्रिकेट में गेंद का वजन और साइज अलग, स्टंपिंग में कंट्रोल जरूरी, 8 बदलाव

बल्लेबाज ने वक्त बर्बाद किया तो 5 रन की पेनल्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई



आईसीसी ने क्रिकेट के नियमों में 8 बदलाव किए हैं। अब बैटिंग के दौरान अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर समय बर्बाद करता है तो फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन मिलेंगे। पुरुष, महिला और जूनियर क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा तय की गई है। नए नियम 1 अक्टूबर 2026 या उसके बाद शुरू होने वाली इंटरनेशनल सीरीज पर लागू होंगे। जो सीरीज पहले से चल रही हैं, उनमें पुराने नियम ही लागू रहेंगे।

तीसरी गलती पर फील्डिंग टीम को 5 रन- अब बैटर को गेंद खेलने के लिए तय समय के भीतर तैयार रहना होगा। अगर अंपायर को लगता है कि बैटर गेंद का सामना करने के लिए समय पर तैयार नहीं है, तो पहली गलती पर चेतावनी और दूसरी गलती पर फाइनल वार्निंग मिलेगी। तीसरी गलती पर फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन दिए जाएंगे।

दिन के टेस्ट में पिंक बॉल का ट्रायल- अब दिन में खेले जाने वाले टेस्ट मैचों में भी पिंक बॉल का इस्तेमाल ट्रायल के तौर पर किया जा सकेगा। इसका मकसद खराब रोशनी के कारण खेल को होने वाले नुकसान को कम करना है। इसके लिए दोनों टीमों की टेस्ट शुरू होने से पहले सहमति जरूरी होगी। एक बार पिंक बॉल से खेलने का फैसला हो गया तो मैच के दौरान गेंद नहीं बदली जा सकेगी। अभी सिर्फ डे-नाइट टेस्ट मैच में गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया जाता है।

पुरुष और महिला क्रिकेट में गेंद अलग होगी- पुरुष और महिला क्रिकेट के लिए गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा होगी। पुरुषों की गेंद का वजन 156 से 163 ग्राम और साइज 22.4 से 22.9 सेंटीमीटर होगा। महिलाओं की गेंद का वजन 142 से 149 ग्राम और साइज 21.5 से 22 सेंटीमीटर होगा।

ओवरथ्रो नियम में बदलाव- अगर फील्डर गेंद को जानबूझकर स्टंप की ओर फेंककर रन रोकने या रन आउट करने की कोशिश करता है और गेंद आगे निकल जाती है, तो इसे ओवरथ्रो माना जाएगा। वहीं, गेंद को रोकने या दूसरे फील्डर तक पहुंचाने के दौरान हुई मिसफील्ड को ओवरथ्रो नहीं माना जाएगा।

रन आउट और स्टंपिंग के लिए गेंद पर पूरा कंट्रोल जरूरी- रन आउट या स्टंपिंग के मामले में अब सिर्फ गेंद को हाथ या ग्लव से छू लेना काफी नहीं होगा। फील्डर या विकेटकीपर के पास गेंद पर पूरा कंट्रोल होना जरूरी है। उदाहरण के लिए, अगर विकेटकीपर गेंद को सिर्फ हाथ से छूता है और उसी समय गिल्लियां गिर जाती हैं, तो इसे गेंद पर पूरा कंट्रोल नहीं माना जाएगा। ऐसे मामले में सिर्फ गेंद को छू लेना आउट देने के लिए पर्याप्त नहीं होगा।

आखिरी ओवर में विकेट गिरने से दिन का खेल खत्म नहीं- टेस्ट क्रिकेट में अब दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरने से खेल अपने आप खत्म नहीं होगा। अगर आखिरी ओवर पूरा नहीं हुआ है और मौसम तथा मैदान की परिस्थितियां खेल के लिए सही हैं, तो बची हुई गेंदें उसी दिन कराई जाएंगी, अगले दिन नहीं। मान लीजिए दिन के आखिरी ओवर में 3 गेंद बाकी हैं और विकेट गिर जाता है तो सही कंडीशंस में दो गेंदें फेंकी जाएंगी। पहले ऐसी स्थिति में दिन का खेल खत्म कर दिया जाता था। क्रुउ के मुताबिक इससे समय की बचत होगी।

टी-20 में 15 मिनट का इंटरवल, ड्रिंक्स ब्रेक में कोच मैदान पर- टी-20 इंटरनेशनल में अब 15 मिनट का तय इंटरवल होगा। अगर मैच में पहले समय का नुकसान हो चुका है, तो इस इंटरवल को घटाकर 10 मिनट किया जा सकता है। वनडे और टी-20 में हेड कोच ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर आ सकता है।

लेग साइड वाइड के लिए बैटर की पोजिशन देखी जाएगी- वनडे और टी-20 में लेग साइड वाइड से जुड़ा नियम अब लागू कर दिया गया है। ऐसा उन मौकों के लिए होगा, जब बैटर गेंद फेंके जाने से पहले या गेंद फेंकते समय अपनी पोजिशन बदल लेता है। अब गेंद फेंके जाने के वक्त बैटर के पैरों की स्थिति को आधार माना जाएगा। अगर गेंद फेंके जाने के बाद बैटर ऑफ साइड की ओर चला जाता है, तो बाद की उसकी मूवमेंट को वाइड तय करने का आधार नहीं बनाया जाएगा।

ज्योतिष/वास्तु

17 को सूर्य बनाएंगे नीचभंग राजयोग

तुला समेत 4 राशियों को मिल सकता है धन लाभ



ज्योतिषीय गणना के अनुसार 17 अक्टूबर 2026 को सूर्य देव तुला राशि में प्रवेश करेंगे, जहां उनकी स्थिति से नीचभंग राजयोग बनने की मान्यता है। सूर्य के इस परिवर्तन का असर सभी राशियों पर अलग-अलग हो सकता है।

वैदिक ज्योतिष में सूर्य को आत्मबल, प्रतिष्ठा, अधिकार, नेतृत्व और करियर से संबंधित ग्रह माना जाता है। 17 अक्टूबर 2026 को सूर्य राशि परिवर्तन करते हुए तुला राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष में तुला को सूर्य की नीच राशि माना जाता है। हालांकि, कुछ विशेष ग्रह स्थितियां बनने पर नीचभंग की स्थिति मानी जाती है, जिसके कारण सूर्य की नीच स्थिति का प्रभाव कम होने की मान्यता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, सूर्य 17 अक्तूबर को शाम 7 बजकर 51 मिनट पर तुला राशि में प्रवेश करेंगे और 16 नवंबर तक इसी राशि में रहेंगे। इस दौरान कुछ ग्रह स्थितियों के आधार पर नीचभंग राजयोग बनने की बात कही जा रही है। चंद्र राशि के आधार पर देखें तो कुछ राशि के जातकों के लिए यह गोचर विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आइए जानते हैं कौन सही हैं वो राशियां।

नीचभंग राजयोग कैसे बनता है- वैदिक ज्योतिष में किसी ग्रह के नीच राशि में होने पर कुछ विशेष परिस्थितियों में उसकी नीच स्थिति के प्रभाव के कम होने को नीचभंग कहा जाता है। इसके लिए कुंडली में ग्रहों की स्थिति, केंद्र भाव और संबंधित राशियों के स्वामियों की स्थिति जैसे कई कारकों को देखा जाता है। इसलिए केवल सूर्य के तुला राशि में पहुंचने से हर व्यक्ति की जन्मकुंडली में नीचभंग राजयोग बनना तय नहीं होता। इसका आकलन पूरी जन्मकुंडली और ग्रहों की स्थिति देखकर ही किया जाता है। नीचे दिए गए फलित को सामान्य गोचर आधारित ज्योतिषीय आकलन के रूप में देखना चाहिए।

वृषभ राशि- वृषभ राशि वालों के लिए सूर्य का यह गोचर नौकरी, कारोबार और आर्थिक मामलों में नए बदलाव का संकेत दे सकता है। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं और आपके सामने अपनी क्षमता साबित करने के मौके आ सकते हैं। कारोबार करने वालों को नए लोगों से जुड़ने या किसी नए काम की शुरूआत के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर बनाई गई योजना आगे चलकर लाभकारी हो सकती है।

सिंह राशि- सिंह राशि के स्वामी सूर्य देव हैं, इसलिए यह गोचर इस राशि के जातकों के लिए खास महत्व रख सकता है। नौकरी और कार्यक्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के अवसर मिल सकते हैं। जिन आर्थिक मामलों को लेकर लंबे समय से प्रयास चल रहे हैं, उनमें आगे बढ़ने की स्थिति बन सकती है। आमदनी के नए माध्यमों पर काम करने का मौका मिल सकता है। हालांकि, निवेश से जुड़े फैसले लेते समय जल्दबाजी से बचना बेहतर रहेगा।

वृश्चिक राशि- वृश्चिक राशि के जातकों के लिए सूर्य का यह परिवर्तन आर्थिक और कामकाजी मामलों में गति ला सकता है। पहले से रुके हुए कार्यों को पूरा करने के अवसर मिल सकते हैं। व्यापार करने वालों को नए ऑर्डर, ग्राहक या कारोबारी संपर्क प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ सकती है, लेकिन इससे आगे चलकर अपनी कार्यक्षमता दिखाने का अवसर भी मिल सकता है।

कुंभ राशि- कुंभ राशि वालों के लिए सूर्य का तुला राशि में गोचर करियर और धन से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण रह सकता है। नौकरी में भूमिका बदलने, नई जिम्मेदारी मिलने या किसी नए अवसर से जुड़ने के संकेत बन सकते हैं। कारोबारियों को नए प्रोजेक्ट या ग्राहकों के साथ काम करने का मौका मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए आमदनी के साथ बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।

भारत को 44 साल बाद एशियाड विमेंस हॉकी का गोल्ड

चीन को हराकर ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया, 13वें दिन इंडिया को 6 गोल्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागोया

भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने एशियन गेम्स में 44 साल बाद गोल्ड जीत लिया। भारत ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराया। टीम के लिए एकमात्र गोल लालरेमसियामी ने किया। गोलकीपर सविता पूनिया ने फर्स्ट हाफ में चीन का पेनल्टी स्ट्रोक रोककर भारत की बढ़त कायम रखी। इस जीत के साथ भारत ने लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। भारत ने इससे पहले 1982 में साउथ कोरिया को हराकर गोल्ड जीता था। विमेंस हॉकी के गोल्ड के साथ भारत के कुल 16 गोल्ड हो गए हैं और वह मेडल टैली में 5वें नंबर पर है।

13वें दिन 6 गोल्ड-

पहला: सुबह भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने रिकर्व इवेंट में गोल्ड जीता था।

दूसरा: बॉक्सर परवीन हुड्डा ने विमेंस 65 किग्रा में गोल्ड जीता।

तीसरा: लवलीना बोरगोहेन ने विमेंस 75 किग्रा में गोल्ड जीता।



चौथा: बॉक्सर अंकुश पंघाल ने पुरुषों की 80 किग्रा वेट कैटेगरी में गोल्ड जीता।

पांचवां: सुजीत कलकल ने अंकुश के गोल्ड से पहले पुरुष रेसलिंग के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में गोल्ड जीता।

छठवां: विमेंस हॉकी फाइनल में भारत ने चीन को हराकर गोल्ड जीता।

अंकुश पंघाल ने पुरुषों की 80 किग्रा कैटेगरी के फाइनल में साउथ कोरिया के किम मिन-सियोंग को 4-0 से हराकर गोल्ड जीता। वह 2018 के बाद एशियन गेम्स में बॉक्सिंग गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बने। इससे पहले परवीन हुड्डा ने विमेंस 65 किग्रा फाइनल में चेन निएन-चेन को 3-2 से हराकर गोल्ड जीता।

आर्चरी में विमेंस टीम चैंपियन

कुमकुम मोहोड, अंकिता भक्त और कीर्ति की भारतीय विमेंस रिकर्व टीम ने गोल्ड जीता। इससे पहले टीम ने सेमीफाइनल में चीन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिकर्व में एक सेट जीतने पर 2 सेट पॉइंट मिलते हैं और 5 सेट पॉइंट हासिल करने वाली टीम मुकाबला जीतती है। इसी इवेंट में भारत की मेंस रिकर्व टीम को सिल्वर मिला। कुमकुम मोहोड और धीरज बोम्मदेवरा की मिक्स्ड रिकर्व टीम ने भी सिल्वर जीता। सेलिंग में नेथ्रा कुमानन ने विमेंस डिंगी में ब्रॉन्ज अपने नाम किया, जबकि मेंस सेपकटकरा टीम ने भी ब्रॉन्ज जीता।

जीत के बाद विमेंस टीम ने चैंपियन गाने पर डांस किया- भारतीय विमेंस हॉकी टीम का सेलिब्रेशन ड्रेसिंग रुम में भी जारी रहा। टीम ने वेस्टइंडीज के क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो के चैंपियन गाने पर डांस किया।

आज न्यू चंडीगढ़ में पहली बार होगा मेंस वनडे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यू चंडीगढ़

भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीसरा वनडे दोपहर 2 बजे से महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। यह इस मैदान पर पहला मेंस वनडे होगा। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऐसे में मोहम्मद सिराज की 9 महीने बाद वनडे टीम में वापसी हो सकती है। उन्होंने आखिरी वनडे इसी साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। भारत सीरीज के शुरूआती दोनों मुकाबले जीत चुका है। टीम ने दोनों मैच 8-8 विकेट से जीते थे।

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 14 द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती हैं। यह किसी एक टीम के खिलाफ किसी भी टीम का लगातार सबसे लंबा द्विपक्षीय सीरीज जीतने का रिकॉर्ड है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले 13 वनडे में से 12 जीते हैं। वहीं वेस्टइंडीज ने पिछली बार अगस्त 2025 में पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत दर्ज की थी। उसके बाद टीम 7 बार लक्ष्य का बचाव करने में नाकाम रही है।

खबर एक नजर...

लोन की किश्त मांगने पर एजेंट के साथ मारपीट

उज्जैन। नागदा के भगतपुरा में रहने वाला दीपक पिता राजेश सोलंकी 28 साल प्रायवेट फायनेंस कंपनी में रिकवरी एजेंट है। कंपनी ने लिये गये लोन की किश्त लेने के लिये भाटपचलाना के ग्राम कमठाना में जितेन्द्र पाटीदार के घर पहुंचा था। जहां कुछ महिनों की बकाया किश्त मांगने पर जितेन्द्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौच की ओर रिकवरी एजेंट के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। मारपीट का शिकार दीपक सोलंकी ने भाटपचलाना थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में जितेन्द्र और उसके 2 साथियों के खिलाफ मारपीट की धारा के साथ एससी एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।

झोले में छुपाकर 2 युवक लाये थे हजारों की अवैध शराब



उज्जैन। सर्कल भ्रमण के दौरान पंवासा थाना पुलिस को सूचना मिली कि दो पहिया वाहन से 2 युवक अवैध शराब लेकर आ रहे है। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई, एएसआई सावित्री कटारा, प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला, आरक्षक पंकज ने करोदिया रोड और श्रीसिंथेटिक के बीच घेराबंदी की। जुपिटर क्रमांक एमपी 09 झेडपी 5816 पर दो युवक आते दिखाई दिये। पुलिस को देख दोनों ने पलटकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। उनके पास से 2 कपड़े के झोले जप्त किये गये। एक में देशी शराब और दूसरे में विदेशी शराब के क्वार्टर भरे थे। कुछ 325 क्वार्टर बरामद होने पर जुपिटर जप्त कर थाने लाया गया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम नवीन पिता दिनेश 32 साल निवासी चाणक्यपुरी देवास और सतीश पिता रुपसिंह 28 वर्ष, निवासी ग्राम पटाड़ी, थाना बरोठा देवास सामने आये। दोनों के खिलाफ अवैध शराब परिवहर का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों ने शराब देवास से लाना कबूल किया है। दोनों शराब किसे देने आ रहे थे, इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है। बरामद शराब 32 हजार और जुपिटर 60 हजार कीमत की है।

सोयाबीन कटाई को लेकर 2 भाईयों में हुआ विवाद

उज्जैन। बड़नगर के नयापुरा में रहने वाले सुनील पिता शिवनारायण भाटी 52 साल और छोटे भाई रामस्वरूप भाटी 48 साल का ग्राम अरंडिया में खेत है। दोनों के सोयाबीन कटाई का काम कर रहे थे। गुरूवार शाम को सुनील सोयाबीन काटकर निजी जगह पर रख रहा था। छोटे भाई ने सोयाबीन काटने से मना किया, इसी बात पर दोनों के बीच गाली-गलौच शुरू हो गई और मामला मारपीट में बदल गया। दोनों ने एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी दी। विवाद के बाद दोनों शिकायत दर्ज कराने बड़नगर थाने पहुंचे। पुलिस ने झगड़ा भाईयों के बीच का होने पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

पहले साथ पी शराब, फिर युवक को बुरी तरह पीटा

उज्जैन। हीरामिल की चाल में रहने वाला विजय वर्मा हम्माली करता है और अकेला रहता है। रात में उसने क्षेत्र में रहने वाले शाहरूख, मोटाभाई, सैफू और उनके 2 दोस्तों के साथ घर के बाहर बैठकर शराब पी। नशा होने के बाद शाहरूख, सैफू ने विजय से माजक करते हुये उसके कपड़े फाड़ दिये। जिसको लेकर उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई। शाहरूख अपने घर से लोहे का पाइप लेकर आ गया और उसने सैफू, मोटाभाई और 2 साथियों के साथ मिलकर विजय का बुरी तरह पीटा। घायल होने पर रातभर विजय घर के दरवाजे पर पड़ा रहा। शुक्रवार सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो उसे अस्पताल पहुंचाया। मामले की सूचना मिलने देवासगेट थाना पुलिस घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची। मामले में जांच शुरू कर मारपीट करने वालों की तलाश शुरू की गई है।

दूसरे दिन भी नहीं हुई मृतक की पहचान

उज्जैन। पंवासा थाना पुलिस ने मक्सीरोड उद्योगपुरी क्षेत्र में महावीर तोलकांटे के पास गुरूवार सुबह नाले से एक व्यक्ति की लाश लोगों की सूचना पर बरामद की है। लोगों से पूछताछ में पता चला था कि मृतक उद्योगपुरी क्षेत्र में मजदूरी करता था और खुद को रतलाम का रहने वाला बताता था। पुलिस ने रतलाम के सभी थाना पुलिस को मृतक का फोटो भेज पहचान के प्रयास शुरू किये थे। लेकिन शुक्रवार शाम तक उसकी पहचान नहीं हो पाई। प्रधान आरक्षक ब्रजनंदन मिश्रा ने बताया कि शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया जायेगा।

दिन	378-8	347-4
मेन बाजार	256-3	278-7
मिलन डे	234-9	688-2
मिलन नाइट	159-5	566-2

4 5 8

जीआरपी-आरपीएफ की संयुक्त घेराबंदी, प्लेटफार्म पर करते थे वारदात

कैमरों की मदद से गिरफ्त में आये चोरी के 2 आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सामान चोरी करने वाले 2 बदमाशों को जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने कैमरों की मदद से 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से सोने का मंगलसूत्र, मोबाइल और नगदी बरामद की गई है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 पर गुरूवार को 2 यात्रियों के साथ चोरी की वारदात होना सामने आया था। मामला जीआरपी के पास पहुंचा तो निरीक्षक सुनील गुप्ता ने आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव के साथ मिलकर टीम गठित की और प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। कैमरों की मदद से 2 बदमाशों की पहचान की गई और उनकी गिरफ्तारी के लिये एएसआई अवधेश तिवारी, प्रधान आरक्षक नवीन जयसवाल, आरक्षक हेमेन्द्र शर्मा, राहुल राजपूत, रजत चौहान को रवाना किया। 12 घंटे की तलाश के बाद आरोपी तेजकरण पिता लालजीराम निवासी शाजापुर और जितेन्द्र पिता बद्रीलाल विश्वकर्मा निवासी क्षिप्रा इंदौर को पकड़ा गया। दोनों के पास से एक सेमसंग कंपनी का मोबाइल, सोने का मंगलसूत्र और 7 हजार रुपए बरामद किये गये। दोनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।



इनके साथ हुई चोरी की वारदात

जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि मोबाइल चोरी की शिकायत रमेश जयसवाल ने दर्ज कराई थी। बदमाश यात्री प्रतिक्षालय से उसका मोबाइल चुराकर ले गये थे। दूसरी शिकायत रामकन्या बाई ने दर्ज कराई थी। वह बुकिंग विंडो पहुंची थी, भीड़ के बीच उसके बेग से अज्ञात बदमाश ने सोने का मंगलसूत्र और 7 हजार रुपए नगद चोरी कर लिये थे। चोरी करने वाले दोनों आरोपी अपराधिक प्रवृति के होना सामने आये है।

हिरासत में 2 आरोपी, 3 की तलाश में दबिश

मिलने के बहाने बुलाकर 5 ने किया सामूहिक दुष्कर्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

16 साल की बालिका को उसके दोस्त ने मिलने के बहाने बुलाया और एक मकान में ले जाने के बाद 4 दोस्तों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बालिका के लौटने पर घटना सामने आने पर पुलिस ने एक नाबालिग के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। 3 आरोपित फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय बालिका कक्षा 8 वीं तक पढ़ी है। उसकी पहचान जीवाजीगंज क्षेत्र के रहने वाले नाबालिग से थी। उसने बालिका को मिलने के बहाने बुलाया और अपने क्षेत्र के एक मकान पर ले गया। जहां अपने चार दोस्तों को ओर बुला लिया। पांचों ने मिलकर बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और कमरे में रातभर रखा। दूसरे दिन बालिका



बमुश्किल अपने घर पहुंची और परिजनों को घटनाक्रम बताया। चिमनगंज थाना पुलिस बालिका के लापता होने पर परिजनों की शिकायत पर एक दिन बाद अपहरण का मामला दर्ज चुकी थी। बालिका के मिलने पर पास्को एक्ट दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। एसआई प्रीति चौहान ने बताया कि मामले से जुड़े एक नाबालिग और उसके दूसरे साथी लक्की को गिरफ्तार किया गया है। 3 आरोपित फरार है जो नाबालिग होना बताये जा रहे है, उनकी भी तलाश जारी है।

पूछताछ में बालिका ने बताई घटना

पुलिस बालिका को पूछताछ के लिये थाने लेकर आई थी। उसने बताया कि उसकी पहचान जीवाजीगंज क्षेत्र के रहने वाले युवक से थी। जो उससे उम्र में कुछ महिने बड़ा है। उसने मिलने बुलाया था और साथ लेकर गया था। उसके घर पर पहले से चार दोस्त ओर मौजूद थे। सभी उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में बालिका के बयान दर्ज कराये है।

26 सितंबर को हुई थी लापता

पुलिस के अनुसार बालिका 26 सितंबर की शाम घर से निकली थी, उसके बाद रातभर नहीं लौटी थी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी, सुबह तक कुछ पता नहीं चला तो दूसरे दिन थाने आकर अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बालिका की तलाश शुरू कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये थे, कुछ घंटे बाद पता चला कि बालिका बदहवास हालत में घर लौटी है।

इनका कहना

बालिका के लापता होने पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। मिलने पर उसके साथ हुई घटना सामने आने पर पास्को एक्ट की धारा बढ़ाई गई और 2 को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है, जल्द उनकी गिरफ्तारी भी कर ली जायेगी।

विवेक कनोड़िया, थाना प्रभारी चिमनगंज

विवाद के बाद पति ने दराते से किया हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पति-पत्नी के बीच विवाद होने पर पति ने दराते से हमला कर दिया। पत्नी के हाथ और पैर में चोंट लगने पर उसे उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल लाया गया। चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाली माला पति सुनील चौधरी को खून से लथपथ हालत में गुरूवार-शुक्रवार रात अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने हाथ पैर में लगी चोंट के बाद उपचार के लिये भर्ती किया। माला ने बताया कि उस पर पति ने दराते से हमला किया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सुबह सामने आया कि माला 3 बच्चों की मां और प्रतिकल्पा होटल में सफाई के साथ खाना बनाने का काम करती है। पति रिक्शा चलता है। वह घर में पैसे नहीं देता है, जिसको लेकर उनके बीच विवाद होता है। रात में भी विवाद होने पर उसने दराते से हमला किया और भाग निकला। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया जायेगा।




ठगों ने 2 खातों से उड़ाये हजारों रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

साइबर ठगों द्वारा लगातार लोगों को झांसा देने के साथ डरा-धमकार ऑनलाइन धोखाधड़ी की जा रही है। एक बार फिर पुलिस ने 2 लोगों के साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने गांधीनगर में रहने वाले रमजान पिता नत्थे खान 57 साल की शिकायत पर 38 हजार के लगभग की ठगी होने का प्रकरण दर्ज किया है। रमजान ने बताया कि वह मोहनगर स्थित लेथ मशीन की दुकान पर काम करता है। 29 अगस्त को उसके पास कॉल आया था और कहा कि खाते में 500 डालर भेजना है। लेकिन ट्रांजेक्शन नहीं हो रहा है। डालर पार्सल से भेजना होगें जिसके चलते पार्सल खर्च ऑनलाइन देना होगा। कॉल करने वाले ने क्यूआर कोड भेजा। जिस पर चार दिन में 38 हजार का ट्रांजेक्शन किया लेकिन डालर उसके पास नहीं पहुंचे। उसने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। रमजान का कहना था कि जिस नम्बर से कॉल आया वह पाकिस्तान का था, लेकिन पुलिस ने उक्त नम्बर की पुष्टि पाकिस्तान का होने की स्पष्ट पुष्टि नहीं की है।



दूसरा मामला महाकाल थाना क्षेत्र के खंदार मोहल्ला में रहने वाले गौतम पिता मनोज यादव के साथ हुआ। उसके मोबाइल पर आये कॉल धारक ने धमकाया और 43 हजार का ट्रांजेक्शन करा लिया। गौतम ने भी 7 सितंबर को हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दर्ज कराई थी। जहां से मामला पुलिस के पास पहुंचा है।

जागरूकता के बाद भी ठगा रहे लोग

ऑनलाइन धोखाधड़ी को लेकर पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और बताया जा रहा है कि किसी को भी ओटीपी ना बताये। अपनी निजी जानकारी शेयर ना करे। किसी भी लिंक पर क्लीक करने से बचे। एपीके फाइल डाउनलोड ना करे। किसी के झांसे में ना आये। बावजूद लोग साइबर ठगों की बातों में धोखाधड़ी का शिकार हो रहे है।

छत पर खड़ी 2 बालिका हाईटेंशन लाइन के करंट से झुलसी





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

छत पर खड़ी 2 बालिका शुक्रवार दोपहर को हाईटेंशन लाइन के करंट से झुलस गई। दोनों को चरक अस्पताल लाया गया। एक बालिका 60 प्रतिशत के लगभग झुलसना बताई गई है। दूसरे के हाथ झुलसे है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के पदमावती कालोनी में रहने वाली मीनल पिता नितिन जैन 14 साल और आराध्या पिता मनजीत चौहान 13 साल को परिवार के लोग दोपहर को झुलसी हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां से दोनों को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने बर्न यूनिट में भर्ती किया लेकिन आराध्या गंभीर रूप झुलसी है। दोनों बालिकाओं के झुलसने की सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई थी। मीनल ने बताया कि आराध्या उनके यहां परिवार के साथ किराये रहती है। हम दोनों कक्षा 8 वीं में पढ़ते है। दोपहर में छत पर गये थे, इस दौरान आराध्या ने पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को पकड़ने की बात कहीं, उसे मना किया लेकिन वह नहीं मानी और तार पकड़ लिया। उसे करंट लगा तो वह बचाने पहुंची और करंट की चपेट में आ गई। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि एक बालिका के तार पकड़ने और दूसरी बचाने के दौरान झुलसना सामने आई है। मामले में जांच शुरू की गई है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के सामने से चौराहा तक 200 मीटर दायरे में बनाया जाएगा 24 मीटर रोड

टेंडर के तीन साल बाद चौड़ीकरण की शुरूआत

39 भवन दायरे में आए, टेंडर में शामिल तीन काम कभी के पूर्ण हुए, एक काम अटका हुआ शेष रहा अब होगा


ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के ठीक सामने गेट नं.1 के बाहर से महाकाल घाटी तक 200 मीटर दायरे में 24 मीटर चौडा रोड बनाने की तैयारी हो गई है। चौडीकरण के दायरे में आ रहे 39 भवनों का हिस्सा हटाने का काम जारी है,जो 50 फीसदी हो गया है। इन्हें दोनों तरफ 6-6 मीटर पीछे किया जा रहा है। वर्तमान मार्ग 12 मीटर चौडा है।इस रोड को स्मार्ट सिटी बनाएगा।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत महाकाल मंदिर से महाकाल घाटी चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई जारी है। महाकाल चौराहे से लेकर महाकाल घाटी तक ये जो मार्ग है, जो मास्टर प्लान में 24 मीटर है और इसकी लंबाई लगभग 200 मीटर है, इसका चौड़ीकरण का कार्य जारी है।

12 मीटर से बढ़कर 24 मीटर चौड़ी होगी सड़क- महाकाल मंदिर से महाकाल घाटी चौराहे के बीच करीब 200 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण मास्टर प्लान के अनुसार किया जा रहा है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई लगभग 12 मीटर है, जिसे बढ़ाकर 24 मीटर किया जाना प्रस्तावित है। चौड़ीकरण की सीमा में कुल 39 निर्माण और पक्के ढांचों के हिस्से चिन्हित किए गए हैं।

2023 में प्रस्तावित स्मार्ट रोड का हिस्सा- महाकाल घाटी मार्ग स्मार्ट सिटी के वर्ष 2023 में प्रस्तावित चार स्मार्ट रोड प्रोजेक्ट में शामिल था। हालांकि, न्यायालय में मामला लंबित रहने और स्टे के चलते इस हिस्से में काम आगे नहीं बढ़ सका। करीब तीन साल तक मामला कोर्ट में रहने के कारण सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई रुकी रही। स्टे हटने के बाद दोबारा कार्रवाई शुरू की गई। अब नगर निगम का लक्ष्य शेष निमार्णों को जल्द हटाकर सड़क विकास का काम आगे बढ़ाना है।नगर निगम की कार्रवाई यहां निरंतर जारी है, करीब 50 प्रतिशत निर्माण हटाए जा चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, शेष कार्रवाई अगले 2-4 दिनों में पूरी होने की उम्मीद है। इसके बाद स्मार्ट रोड निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।



डिवाईडर नहीं बनेगा स्मार्ट मार्ग

श्री टोकरिया बताते हैं कि कुल 4 मार्ग 680 मीटर के विकसित किए जाने थे। इसमें से यह 200 मीटर बाय 24 मीटर का मार्ग बनाया जाना है। वर्तमान मार्ग 12 मीटर है। यह मार्ग पूरी तरह से स्मार्ट बनाया जाना है। पूरे मार्ग पर कोई डिवाईडर नहीं होगा। इस मार्ग पर इलेक्ट्रिक केबल,ड्रेनेज,सीवर,युटीलिटी सर्विसेस सभी अंडर ग्राउंड रहेंगी। इसके साथ ही मार्ग पर सौंदर्यकरण के साथ लेंप पोस्ट लगाए जाएंगे।

4 में से 3 काम निपटे एक शेष था-

स्मार्ट सिटी के सहायक यंत्री दीपक टोकरिया ने बताया कि वर्ष 2022 में 4 मार्ग का एक साथ 12.50 करोड का टेंडर किया गया था। इसमें बडा गणेश रोड,नर्सिंह घाट झनूतन स्कूल, भारत माता मंदिर से नीचे की और का मार्ग के साथ श्री महाकाल मंदिर से चौराहा तक का भाग शामिल था। इसका ठेका गुजरात की अवि कंस्ट्रक्शन के पास है। तीन मार्गों के विकास कार्य को पुरा किया जा चुका है। अकेला यह मार्ग रहा है। वैसे तो इसके निर्माण की समयावधि डेढ वर्ष थी लेकिन इसे अगले 6-8 माह में पूर्ण कर दिया जाएगा।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com